WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश-विदेश

रायपुर, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 248 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बिहार में अब बिना दूल्हे की बारात नहीं निकलेगी। तेजस्वी यादव ने आखिरकार कांग्रेस को घुटने टेकने पर विवश कर दिया। बिहार में फैले रायता को समेटने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने अशोक गहलोत को वहां भेजा था। उन्होंने तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया। साथ ही मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा भी घोषित कर दिया। तेजस्वी यादव तो खैर इसके अधिकारी थे लेकिन जिस मुकेश सहनी का आज एक भी विधायक नहीं है उसे डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित करने का दांव महागठबंधन को उल्टा भी पड़ सकता है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीन उम्मीदवार जीते, एक सीट पर भाजपा

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा की चार सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने चार तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन प्रत्याशी मैदान में उतारे। चुनाव के नतीजों का एलान हो गया है। एनसी ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, चौथी सीट पर भाजपा जीती है। नेकां के बयान के मुताबिक, जेकेएनसी के वरिष्ठ नेता चौधरी मोहम्मद रमजान 58 मतों से जीतकर जम्मू कश्मीर से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। जेकेएनसी नेता सज्जाद किचलू ने जम्मू-कश्मीर में दूसरी राज्यसभा सीट जीती। वहीं, जेकेएनसी के शम्मी ओबेरॉय ने तीसरी राज्यसभा सीट जीती। चौथी सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है।

ट्रेड डील केवल टैरिफ को लेकर नहीं, रिश्तों और भरोसे को लेकर भी होती है : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि ट्रेड डील केवल टैरिफ को लेकर नहीं होती, न ही यह केवल सामान या सर्विस तक पहुंच को लेकर होती है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील रिश्तों और भरोसे को लेकर होती है। बर्लिन ग्लोबल डायलॉग (बीजीडी) में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि ट्रेड डील ज्यादा समय के लिए होती हैं। उन्होंने कहा, यह बिजनेस को यह दिखाने का एक तरीका है कि आप दोनों देशों के बीच काम कर सकते हैं और बिजनेस पर भरोसा कर सकते हैं कि वे आगे बढ़ेंगे, बिजनेस सुरक्षित रहेंगे, बिजनेस को अवसर और उन डेमोक्रेसी में कानून के राज में एक फेयर डील मिलेगी, जिनमें हम सभी काम करते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि लंबे समय के नजरिए से ट्रेड डील में केवल टैरिफ से कहीं अधिक होता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने वक्ता के रूप में कहा कि हमारे पास डेमोग्राफिक डिविडेंड है। हमारी औसत उम्र केवल 28 वर्ष है, जो केवल अफ्रिका को छोड़कर दुनिया के अधिकतर हिस्सों में नहीं मिलेगी।

ऐड गुरु के निधन पर नेताओं ने शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली (आईएएनएस)। ऐड गुरु पीयूष पांडे के निधन पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रियों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने शोक व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पद्मश्री विजेता पीयूष पांडे के निधन पर अपनी उदासी को जाहिर करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एडवरटाइजिंग की दुनिया में एक महान हस्ती, उनकी क्रिएटिविटी ने कहानी कहने के तरीके को फिर से परिभाषित किया और हमें यादगार और हमेशा याद रहने वाली कहानियां दीं।

राज्योत्सव पर पीएम प्रवास की तैयारियां देखने लावलश्कर के साथ निकले सीएम, कहा पीएम का आना प्रदेश का गौरव

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी छत्तीसगढ़ प्रवास के मद्देनज़र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर में मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव विकासशील, प्रमुख सचिव, (मुख्यमंत्री) सुबोध कुमार सिंह के साथ ही सभी विभागों के वरिष्ट अफसरों के साथ मौका मुआयना कर पीएम प्रवास की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का छत्तीसगढ़ आगमन राज्य के लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस दौरान प्रत्येक व्यवस्था उत्कृष्टता का प्रतीक बने और प्रदेश की संस्कृति, आत्मगौरव एवं प्रगति की झलक हर स्थल पर दृष्टिगोचर हो।

मुख्यमंत्री साय ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण : मुख्यमंत्री साय ने सबसे पहले नवा रायपुर स्थित सत्य साईं हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, सभागार व्यवस्था, मंच और आमंत्रित अतिथियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री साय प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ध्यान केंद्र पहुँचे, जहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने ध्यान केंद्र के सभागार, मेडिटेशन रूम एवं बाहरी परिसर का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

राज्योत्सव स्थल बनेगा छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों का दर्पण

मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल का भी दौरा किया और तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य मंच, पार्किंग क्षेत्र, विभागीय डोम, प्रदर्शनी दीर्घा, वीआईपी दीर्घा और आमजन के लिए बनाए गए मार्गों का निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, संस्कृति और आत्मविश्वास का उत्सव है, इसलिए यह आयोजन उत्कृष्टता की नई मिसाल बने। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएँ और सुरक्षा, स्वच्छता तथा आमजन की सुविधा से जुड़े सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

ट्राइबल म्यूजियम बनेगा जनजातीय अस्मिता का अमर प्रतीक : मुख्यमंत्री साय ने शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय जनजातीय समाज की वीरता, बलिदान और अस्मिता का अमर प्रतीक बनेगा।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि संग्रहालय के प्रत्येक अनुभाग को इस प्रकार तैयार किया जाए कि वह आगंतुकों को छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली अध्याय से गहराई से परिचित करा सके।

आंध्र प्रदेश में यात्री बस में आग लगने से 20 की मौत

कुरनूल (वार्ता) आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के कल्लूरुमंडल के चिन्नातेकुर गाँव में शुक्रवार तड़के सड़क दुर्घटना में एक निजी यात्री बस में आग लग जाने से उसमें सवार 20 यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बस में 38 यात्री सवार थे। बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी। उन्होंने बताया कि बस ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे बस का तेल टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 यात्री ज़िंदा जल गए और 11 शवों की पहचान हो गई है। ज़्यादातर शव इतने जल गए थे कि उनकी पहचान करना मुश्किल था। हालांकि, 19 यात्री सुरक्षित बच गए। उन्होंने बताया कि यह हादसा सुबह 3:30 से चार बजे के बीच हुआ। सभी शवों को बस से निकाल लिया गया है और अधिकारी मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ घायलों को कुनरूल के जीजीएच में भर्ती कराया गया। मृतकों में बाइक सवार भी शामिल है। जिला कलेक्टर, पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुँच गए है।

ट्रेड को लेकर रोकी बातचीत

कनाडा के विज्ञापन पर भड़के ट्रंप

नई दिल्ली (आईएएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के एक विज्ञापन को देखकर इतना भड़क उठे कि उसके साथ ट्रेड पर जारी बातचीत पर तत्काल रोक लगा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर इसकी जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा, रोनाल्ड रीगन फाउंडेशन ने अभी घोषणा की है कि कनाडा ने धोखाधड़ी से एक विज्ञापन का इस्तेमाल किया है, जो कि फेक है। इस विज्ञापन में रोनाल्ड रीगन टैरिफ के बारे में नकारात्मक बातें करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह विज्ञापन 75,000,000 डॉलर का था।

उन्होंने लिखा, ऐसा सिर्फ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट और अन्य अदालतों के फैसलों में दखल देने के लिए किया गया। टैरिफ अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उनके इस घटिया हरकत के आधार पर, कनाडा के साथ सभी व्यापारिक वार्ताएं समाप्त की जाती हैं। इस मामले पर ध्यान देने के लिए आपका धन्यवाद। इस विज्ञापन की वजह से अमेरिका और कनाडा के बीच फिर से विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के बीच भी तनाव बढ़ता नजर आया था। कनाडा के ओंटारियो प्रांत की सरकार की फंडिंग पर विज्ञापन को रिलीज किया गया। इस विज्ञापन में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के 1987 के एक भाषण के ऑडियो का इस्तेमाल किया गया। इसे लेकर रीगन फाउंडेशन की तरफ से कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति के भाषण के इस्तेमाल के लिए उनसे अनुमति नहीं ली गई थी। फाउंडेशन ने आरोप लगाया कि इसे भ्रामक तरीके से एडिट किया गया है, इसलिए वे कानूनी कार्रवाई के बारे में सोच रहे हैं। जिस ऑडियो क्लिप को लेकर इतना बवाल मचा है, उसमें पूर्व राष्ट्रपति रीगन टैरिफ का जिक्र करते हुए कहते हैं कि टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को कमजोर करते हैं, नौकरियां छीनते हैं और उपभोक्ता पर बोझ डालते हैं। इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बहुपक्षीय सहयोग में विश्वास बनाए रखना जरूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बहुपक्षीय सहयोग में विश्वास बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही संगठन के सामने आने वाली चुनौतियों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया सामाजिक-आर्थिक प्रगति, व्यापारिक असमानताओं और आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भरता जैसी समस्याओं से जूझ रही है। जयशंकर ने 80वीं वर्षगांठ पर जारी स्मारक डाक टिकट के विमोचन समारोह में कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की बात केवल औपचारिकता बनकर रह गई है, तो विकास और सामाजिक-आर्थिक प्रगति की स्थिति और भी चिंताजनक है।

एनडीए सरकार के लिए विकास सबसे बड़ी प्राथमिकता

राजद ने बिहार को पलायन का अभिशाप दिया : नरेंद्र मोदी

बेगूसराय (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में उतरे और चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने बेगूसराय में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार के लिए विकास सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जब औद्योगिकीकरण होगा तो नौकरियां भी आएंगी। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जंगलराज ने फैक्ट्रियां बंद कर दी थीं और बेगूसराय और बरौनी को पीछे धकेल दिया था, लेकिन आज बेगूसराय औद्योगिक हब बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने जंगलराज को सुशासन में बदला और अब सुशासन को समृद्धि में बदलने का समय है। बेगूसराय में बड़े-बड़े शोरूम खुल रहे हैं। बरौनी रिफाइनरी में हजारों करोड़ का निवेश किया गया और यहां अब पेट्रोकेमिकल्स प्लांट बन रहा है। इससे छोटे उद्योग लगेंगे।

उन्होंने कहा कि बरौनी का खाद कारखाना जंगलराज में बंद हो गया था। इसके लिए गैस की जरूरत थी, गैस बिहार में नहीं थी। हमने गैस लाने की योजना बनाई। पश्चिम बंगाल से बिहार के लिए पाइपलाइन बिछाई ताकि नौजवानों को रोजगार मिल सके और किसानों को खाद मिल सके। पीएम मोदी ने महागठबंधन को लठबंधन बताते हुए कहा कि महागठबंधन में एक-दूसरे की खाल खींच रहे हैं। इसमें झटक दल है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने रोजगार मेले में सौंपे 51 हजार नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 17वें रोजगार मेले में नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि युवाओं का सशक्तिकरण भाजपा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्सवों के बीच पक्की नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र मिलना यानी उत्सवों का उल्लास और सफलता की डबल खुशी। ये खुशी आज देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को मिली है। मैं महसूस कर सकता हूं कि सभी के परिवार में कितना आनंद होगा। मैं सभी को और उनके परिवारजनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

गरमा - गरम

ऑपरेशन सिंदूर | संवाद भी होगा और सीमा पर हमारी तैयारी भी अटूट रहेगी

भारत की सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय चरित्र का प्रतीक : राजनाथ

नई दिल्ली (आईएएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजस्थान स्थित लोंगेवाला के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। यहां रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय चरित्र का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के साहस और संयम का प्रतीक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर इतिहास में केवल एक सैन्य अभियान के रूप में नहीं, बल्कि भारत के नैतिक अनुशासन, रणनीतिक स्पष्टता और मानवीय गरिमा के उदाहरण के रूप में दर्ज होगा। उन्होंने जैसलमेर में आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान सुरक्षा स्थिति एवं भारतीय सेना की ऑपरेशनल तैयारी की समीक्षा भी की। चीन से लगी उत्तरी सीमा की स्थिति पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चल रही वार्ताएं और डी-एस्केलेशन के प्रयास भारत की संतुलित और दृढ़ विदेश नीति के प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा, हमारी नीति स्पष्ट है। संवाद भी होगा और सीमा पर हमारी तैयारी भी अटूट रहेगी। कॉन्फ्रेंस में भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ ग्रे-जोन वॉरफेयर, संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार जैसे प्रमुख विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह तथा सभी आर्मी कमांडर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह अभियान इस बात का प्रतीक है कि भारत किसी भी आतंकवादी गतिविधि का उत्तर अपनी ही शर्तों पर देता है। यही नए भारत का रक्षा सिद्धांत है, जो संकल्प और साहस दोनों का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने सैनिकों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आधुनिकीकरण के प्रति समर्पण

रक्षा मंत्री ने लोंगेवाला को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक स्थल बनाने के लिए चल रही विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की। राजनाथ सिंह ने एक 'कैपेबिलिटी डेमोंस्ट्रेशन एक्सरसाइज भी देखी, जिसमें भैरव बटालियन और अशनि प्लाटून सहित सेना के नवीनतम तकनीकी संसाधनों का समन्वित प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन भारतीय सेना की परंपरा और नवाचार के समन्वय का प्रतीक बना तथा इसने क्षमता विकास और आधुनिकीकरण के प्रति समर्पण को दिखाया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज का युद्ध केवल मशीनों का नहीं बल्कि मानव आत्मा और दृढ़ संकल्प का भी है। तकनीक शक्ति बढ़ाती है, लेकिन परिणाम सैनिकों की इच्छाशक्ति से तय होते हैं। आधुनिक युद्ध अब साइबर, सूचना, इलेक्ट्रॉनिक और अंतरिक्ष जैसे अदृश्य क्षेत्रों में लड़े जा रहे हैं और इन सबके केंद्र में हमारे सैनिक हैं।

चार जिलों के एसपी बदले, अंकिता राजनांदगांव, चन्द्रा कोंडागांव एसपी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने सात भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। इस फेरबदल में कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं।

आदेश के अनुसार, पंकज चंद्रा को कोंडागांव का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है, जो पहले 13वीं वाहिनी, सशस्त्र बल, बांगो, कोरबा में सेनानी थे। प्रफुल्ल ठाकुर को सक्ती, रत्ना सिंह को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और अंकिता शर्मा को राजनांदगांव का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

अन्य तबादलों में मोहित गर्ग (2013 बैच) को राजनांदगांव के स्क्क से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर बनाया गया है। चन्द्रमोहन सिंह (2014 बैच) को एमसीबी के एसपी से निदेशक, ट्रेनिंग ऑपरेशन, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, रायपुर नियुक्त किया गया है। यदुवली अक्षय कुमार (2018 बैच) कोंडागांव के एसपी से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर बनाए गए हैं। रत्ना सिंह (2019 बैच) को पुलिस मुख्यालय से एमसीबी का एसपी नियुक्त किया गया है।

दुर्ग-पटना और गोंदिया-पटना के बीच छठ स्पेशल ट्रेन आज

रायपुर/नवप्रदेश। बिहार जाने वाले सभी नियमित ट्रेन पैक हैं। उनमें यात्रियों को जगह नहीं मिल रही है। इसे ध्यान में रखते हुए रेलवे ने दुर्ग-पटना-दुर्ग और गोंदिया-पटना-गोंदिया के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन दुर्ग और गोंदिया से आज 25 अक्टूबर को रवाना होगी। वहीं पटना से 26 अक्टूबर को चलेगी।

छठ पूजा के अवसर पर छठ पूजा में शामिल होने जाने और आने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा तथा उन्हे कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुनिश्चित करने रेलवे प्रशासन द्वारा छठ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। छठ स्पेशल गाड़ी दुर्ग-पटना-दुर्ग के मध्य एक-एक फेरे के लिए चलाई जा रही है। यह गाड़ी दुर्ग से 08795 नंम्बर के साथ 25 अक्टूबर को तथा पटना से 08796 नंबर के साथ 26 अक्टूबर को चलेगी। यह ट्रेन दुर्ग से 00।30 बजे रवाना होगी। जो 1।20 बजे रायपुर, 2।17 बजे भाटापारा, 3।30 बजे बिलासपुर, 4।30 बजे चांपा, 5।28 बजे चांपा होते हुए दूसरे दिन 4 बजे पटना पहुंचेगी। इसी तरह विपरित दिशा की ट्रेन पटना से 9।45 बजे रवाना होगी। जो दूसरे दिन बिलासपुर 11।10 बजे होते हुए 14।30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 1 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 4 स्लीपर, 8 एसी श्री, 2 एसी श्री इकॉनमी, 1 एसी टू तथा जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच की सुविधा रहेगी। इसी तरह गोंदिया-पटना-गोंदिया के मध्य एक-एक फेरे के लिये चलाई जा रही है। यह गाड़ी गोंदिया से 08889 नंबर के साथ 25 अक्टूबर को तथा पटना से 08890 नम्बर के साथ 26 अक्टूबर को चलेगी। गाड़ी संख्या 08889 गोंदिया से दोपहर 12:30 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़ 13।26 बजे, राजनांदगांव 13।50 बजे, दूर्ग 14।45 बजे, रायपुर 15।35 बजे, भाटापारा 16।30 बजे, बिलासपुर 18 बजे, चांपा 19 बजे, रायगढ़ 20।10 बजे तथा झारसुगुड़ा 21।45 बजे होते हुये अगले दिन 16:30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08890 पटना से 18:10 बजे रवाना होकर रास्ते के ठहराव वाले स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन झारसुगुड़ा 14।23 बजे, रायगढ़ 15।28 बजे, चांपा 16।38 बजे, बिलासपुर 18।50 बजे, भाटापारा 19।40 बजे, रायपुर 21।50 बजे, दुर्ग 23।20 बजे होते हुए तीसरे दिन 3 बजे गोंदिया स्टेशन पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 6 सामान्य, 12 स्लीपर तथा 2 एसी टू सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। दोनों छठ स्पेशल ट्रेन की सभी श्रेणी में पर्याप्त संख्या में सीटें उपलब्ध है। यात्री अपनी सुविधा अनुसार आरक्षण कर आरक्षित सीट का लाभ उठा सकते हैं।

छठ पूजा स्पेशल ट्रेन में 1055 बर्थ खाली

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग-पटना और गोंदिया-पटना के बीच एक-एक फेरे के लिए 25 अक्टूबर को चलने वाली स्पेशल 1055 ट्रेन की आरक्षित बर्थ खाली है। वहीं, साउथ बिहार और सारनाथ एक्सप्रेस में यात्रियों की ज्यादा भीड़ है। 08795 दुर्ग-पटना ट्रेन में सेकंड एसी में आरए सी 01, तृतीय श्रेणी में 378 सीटें स्लीपर क्लास में 53 सीटें एक 3 इकोनामी कोच में 86 सीटें खाली हैं। लगभग 517 सीटें दुर्ग-पटना ट्रेन में उपलब्ध हैं। इसी तरह ट्रेन नंबर 08889 गोंदिया-पटना-ट्रेन में सेकंड एसी में 11 सीटें, तृतीय श्रेणी में 01 सीटें, स्लीपर क्लास में 526 सीटें खाली हैं। ये दोनों ट्रेनें पटना से 26 अक्टूबर को दुर्ग, गोंदिया के लिए रवाना होंगी।

संक्षिप्त खबरें

श्रेष्ठ योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक

रायपुर/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की ऽश्रेष्ठ योजनाऽ के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। आवेदक शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु 3000 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।यह योजना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित है। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं तक की शिक्षा हेतु शिक्षण एवं छात्रावास शुल्क का संपूर्ण व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। विद्यार्थियों को किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। साथ ही, शैक्षणिक समायोजन के लिए ब्रिज कोर्स का प्रावधान भी किया गया है। योग्य संस्थानों का चयन उनके परिणाम, बुनियादी सुविधाओं एवं पात्रताओं के आधार पर किया जाता है।योजना अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन एनटीए की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन संशोधन की विंडो 1 से 2 नवंबर 2025 तक खुली रहेगी। राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे स्कूलों, वेबसाइटों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि पात्र विद्यार्थी इस योजना का समय पर लाभ प्राप्त कर सकें।

आज से बदल सकता है मौसम, बारिश के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आज 25 अक्टूबर से अगले कुछ दिनों तक दक्षिणी और मध्य छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। खासकर 26 अक्टूबर से बारिश का दायरा बढ़ेगा, जिससे कई जिलों में मौसम सुहाना हो सकता है। बीते 24 घंटों में प्रदेश में बारिश नहीं हुई, लेकिन बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से मौसम में बदलाव की उम्मीद है। न्यूनतम तापमान में अगले 48 घंटों तक कोई खास बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी संभव है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिणी अंडमान सागर में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। यह सिस्टम औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला है। इसके प्रभाव से 24 अक्टूबर को दक्षिण-पूर्वी और पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है। यह सिस्टम पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है और अगले 24 घंटों में और स्पष्ट होने की संभावना है। इसकी वजह से 25 और 26 अक्टूबर को दक्षिणी छत्तीसगढ़ के जिलों जैसे बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा और मध्य छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर जैसे क्षेत्रों में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

सराफा दुकान से जेवर पार महिला ग्राहक पर शक

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग इलाके में ग्राहक बनकर पहुंची महिला ने एक ज्वेलरी दुकान से जेवर पार कर दिया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक ऋषि पारख की दुकान में धनतेरस के दिन ग्राहकों की भीड़ थी। इस दौरान किसी ने सोने के दो हार चुरा लिए। इसकी जानकारी रात में जेवरों की जांच के दौरान हुई। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे की जांच के बाद ऋषि ने आरंग थाने में शिकायत दर्ज कराई। चोरी गए हार करीब 23 ग्राम के हैं।

त्योहार के बाद फ्लाइट का किराया आसमान पर

■ 40 फीसदी तक महंगी हुई टिकटें

रायपुर/नवप्रदेश। दिवाली में परिजनों के साथ त्योहार मनाने के बाद अब लोगों के वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके चलते रायपुर से दूसरे शहरों के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइटे फुल चल रही है। हालांकि त्योहारी खुमारी अभी तक नहीं उतरी है। अभी भी बाजार से लेकर मॉल में सन्नाटा पसरा हुआ है। लेकिन, फ्लाइटों में लगातार भीड़ बढ़ रही है। इसके चलते किराए में इजाफा भी हुआ है। जहां विभिन्न शहरों से रायपुर आने का किराया सामान्य है। लेकिन, यहां से जाने के लिए में 25 से 40 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। ट्रैवल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टाफी) के प्रदेश सचिव हिरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस समय अधिकांश फ्लाइटें फुल चल रही है। जहां दिवाली में कामकाज और शिक्षा अध्ययन करने के लिए दूसरे राज्यों और विदेश से अपने घर लौटे थे। अब वापसी हो रही हैं। इसके कारण हवाई यात्रियों की संख्या के साथ ही फेयर में इजाफा हुआ है।

सप्ताहभर में होगा सामान्य

शहर	सामान्य	इजाफा
मुंबई	7500	10000
दिल्ली	6500	9000
हैदराबाद	5500	8500
भोपाल	4000	9000
पुणे	6500	9500
बेंगलूरु	5500	8000

ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि 26 अक्टूबर के बाद फ्लाइटों का किराया सामान्य होगा। विंटर सीजन में दिल्ली के लिए दो अतिरिक्त फ्लाइट के संचालन से फेयर में अंतर आयेगा। बता दें कि त्योहारी सीजन में इस तरह के हालात अक्सर रहता है। इसे देखते हुए ट्रैवल्स संचालकों ने यात्रा करने से 7 दिन पहले टिकट बुक कराने पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा।

2 से 5 नवंबर तक सुबह 2 घंटे विमानों की आवाजाही बंद

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में 2 से 5 नवंबर तक सुबह 10-12 बजे तक फ्लाइटों की आवाजाही बंद रहेगी। इस अवधि में आने वाली फ्लाइटों को रिशेड्यूल कर चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी नवा रायपुर का आसमान 5 नवम्बर को भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक शो को देखते हुए फ्लाइटों के संचालन में फेरबदल किया गया है। इसके लिए 5 दिनों तक सुबह 10 बजे से भारतीय वायुसेना के सूर्यकिरण एयरोबैटिक शो के लिए एयरफोर्स के 11 विमान दो हेलीकॉप्टर एक साथ उड़ेंगे। दो घंटे तक रिहर्सल को देखते हुए यात्री विमानों को एयरपोर्ट में उतरने की अनुमति नहीं रहेगी। इसके बाद सामान्य रूप से विमानों की आवाजाही होगी। प्रतिबंधित समय में गोवा, हैदरबाद, लखनऊ और भोपाल की फ्लाइट प्रभावित होगी। उक्त फ्लाइटों को सुबह 10 बजे के पहले या फिर 12 बजे के बाद उतरने की अनुमति मिलेगी।

सुआ नृत्य में नजर आई छत्तीसगढ़ की संस्कृति

■ संत ज्ञानेश्वर स्कूल में दीपावली पर बच्चों की मोहक प्रस्तुतियों ने किया प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में दीपावली के पूर्व सुआ नृत्य, लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी की मोहक प्रस्तुतियों के साथ दीप सजाओ स्पर्धा में सभी वर्ग के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि बच्चों को हमारी संस्कृति से जोड़े रखने के लिए स्कूल में लगभग सभी तीज-त्योहारों को उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में अलग-अलग क्लास के बच्चों ने दीपावली से संबंधित अलग-अलग प्रस्तुतियां दी। मिडिल क्लास के बच्चों ने असेंबली में सुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। नृत्य पेश करने वालों में समृद्धि मिश्रा, प्राची टांगल, हंसिका भारद्वाज और रागिनी टोंडर शामिल रहीं। वहीं लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी का मंत्रमुग्ध करने वाला मंचन भी बच्चों ने किया। इसमें भगवान श्रीराम के वेश में आदित्य साहू, लक्ष्मण बने प्रदीप साहू, सिद्धांत सिंह हनुमान की वेशभूषा में और सीता माता की वेश में पूनम पटेल का मंचन प्रशंसनीय रहा। प्री पाइमरी के बच्चों ने दीया की आकृति में आकर्षक प्रस्तुति दी। बच्चों का ड्रेस कोड और कलर काम्बिनेशन जोरदार रहा। प्री प्राइमरी इंचार्ज अस्मिता कुसरे, हार्दिक बोबडे, शिखा गुप्ता और सुरेखा नायक ने बच्चों को सुंदर दीये की आकृति में बिठाकर बच्चों को दीप व दीप महोत्सव का महत्व समझाया।

राज्य के 27 जिलों में सुबह 8 बजे होगा एक साथ हॉकी मैच

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय हॉकी का शताब्दी वर्ष 7 नवंबर को पूरे देशभर में मनाया जाएगा। इसे गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए पूरे देश में एक साल 1 हजार से अधिक हॉकी मैच का निर्णय भारतीय हॉकी फेडरेशन ने लिया है। इसी के चलते छत्तीसगढ़ हॉकी संघ ने अपनी 27 जिला इकाइयों में सुबह 8 बजे एक साथ मैच कराने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह आयोजन केवल हॉकी संघ का है। इसमें खेल विभाग को शामिल नहीं किया गया है। इसीलिए जिला संघ के पदाधिकारी इस आयोजन को अपनी क्षमता के अनुरूप कराएंगे। इसकी योजना के लिए राज्य व जिला संघों की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे को दी गई है। जिलों में होने वाली प्रतियोगिता के संबंध में श्री चौबे ने कहा कि चूंकि यह आयोजन पूरे देश में एक ही समय में एक साथ होंगे, इसलिए सभी जिला इकाइयों से महिला-पुरुष टीमों की पूरी सूची मंगाई जा रही है। इसी सूची के आधार पर 1 नवंबर को फिर एक बैठक का आयोजन राज्य हॉकी संघ करेगा।श्री चौबे ने बताया कि 7 नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था। इसके बाद 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। तब से अब तक भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं, जो किसी भी देश द्वारा हॉकी में जीते गए सबसे अधिक स्वर्ण पदक हैं। उन्होंने बताया कि 1928 से 1959 का काल भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग माना जाता है।

प्रदेश में खुलेंगे 6 नए फिजियोथैरेपी कॉलेज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में 6 सरकारी फिजियोथैरेपी कॉलेज बनेगा। प्रत्येक कॉलेज 13 करोड़ 93 लाख 71 हजार रुपए की लागत से बनाया जाएगा। हालांकि पढ़ाई अगले साल से शुरू होने की संभावना है। ये कॉलेज मनेंद्रगढ़, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर में खुलेंगे। सभी कॉलेजों के लिए 83 करोड़ 62 लाख 26 हजार रुपए की राशि मंजूर की गई है। अभी रायपुर में एकमात्र सरकारी फिजियोथैरेपी कॉलेज है। जबकि प्रदेश में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है। कायदे से सभी मेडिकल कॉलेज वाले स्थानों पर फिजियोथैरेपी कॉलेज होना चाहिए। दरअसल अब हड्डी के अलावा ज्यादातर बीमारियों में इलाज के पहले या बाद में फिजियोथैरेपी कराने की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बीपीटी या एमपीटी डिग्रीधारी फिजियोथैरेपिस्ट की जरूरत होती है।

एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो रहा, किसान चिंतित

आरंग/नवप्रदेश। एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने से छग के अनेकों किसान धान खरीदी नहीं हो पानी की आशंका से चिंतित हैं। क्योंकि निचले स्तर पर किसान तहसीलदार के पास जाने से यही जवाब मिल रहा है की यह पंजीयन सिर्फशासन स्तर से हो सकता है।

कलेक्टर भी अक्षम है। सभी प्रकरण है शासन के एजेंसी के पास पेंडिंग पड़ा है। वहां से किसानों को कोई जवाब नहीं मिल रहा है। किसान नेता पारसनाथ साहू ने कहा कि प्रकरण में क्या त्रुटि है यह भी नहीं बताया जा रहा है। न ही पंजीयन की जानकारी दी जा रही है। इसीलिए जिसका पंजीयन नहीं हो पाया है ऐसे किसान चिंतित हैं। किसान नेता ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा अगर किसानों का पंजीयन नहीं हुआ धान बिक्री से वंचित हुआ तो किसानों को गंभीर क्षति उठानी पड़ सकती है। इसलिए तत्काल पंजीयन कर किसानों को जानकारी देवें। अगर त्रुटि है तो सुधार का मौका देवें। विलंब होने से यह भी आशंका प्रबल होती है की सरकार पूरा धान खरीदने कहीं बचना तो नही चाह रहा है।

महाराष्ट्र मंडल के दिवाली व्यजनों को मिला अच्छा प्रतिसाद

■ दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ मेस प्रकल्प के प्रयास को मंडल के सभासदों सहित अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थाओं से लेकर कार्पोरेट आफिसों तक में रही जोरदार डिमांड

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के दिवाली व्यंजनों को लगभग हर क्षेत्र व वर्ग का जोरदार प्रतिसाद मिला। मंडल के मेस प्रकल्प की ओर से दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ बनाए जाने वाले दीपावली फराळ (व्यंजनों) की मांग इस वर्ष भी कार्पोरेट सेक्टर, शैक्षणिक संस्थानों, आटो मोबाइल कंपनियों से लेकर अस्पतालों में तक उत्साहवर्धक रही।

मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले, मेस प्रभारी दीपक किरवईवाले ने बताया कि करीब नौ साल पहले शुरू किया गया दीपावली व्यंजनों का यह प्रयास आजीवन सभासदों के अलावा गैर मराठी भाषी लोगों और व्यापारिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य संस्थाओं की ओर से लगातार मिल रहे जोरदार प्रतसिाद के कारण बढ़ते जा रहा है। इसका एक प्रत्यक्ष असर तो यह है कि दीपावली व्यंजनों की बिक्री से दिव्यांग बालिका विकास गृह को संचालित करने में आसानी हो रही है। वहीं दूसरा अप्रत्यक्ष प्रभाव यह है कि जो कंपनियां, संस्थाओं के साथ आमजन महाराष्ट्र मंडल के दीपावली व्यंजनों को खरीदते हैं, वे अप्रत्यक्ष रूप से ही सही, दिव्यांग बालिकाओं की रहन-सहन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि में सहयोग करते हैं। महाराष्ट्र मंडल की इसी सेवा भावना से प्रेरित होकर यहां के व्यंजन खरीदने वालों की संख्या और मांग सतत बढ़ रही है।काले ने बताया कि देश में पोलियो उन्मूलन के कारण अब पोलियो ग्रस्त बालिकाएं नहीं मिलती इसलिए महाराष्ट्र मंडल ने पहले ही किसी भी तरह की अस्थि बाधित दिव्यांग बालिका को पूरी जिम्मेदारी के साथ रखना शुरू किया है। अब शासन के नए निर्देशानुसार महाराष्ट्र मंडल ने मूक-बधिर बच्चियों को भी अपने साथ आवास, शिक्षा-दीक्षा और स्वास्थ्यगत समस्याओं के समाधान के लिए रखना प्रारंभ कर दिया है। इसलिए दिव्यांग बालिका विकास गृह में दिव्यांग बच्चियों की संख्या फिर बढ़ने लगी है। इसके साथ ही जिम्मेदारी और खर्च भी बढ़ने लगे हैं।सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने बताया कि दिव्यांग बच्चियों की बेहतर देखभाल करने के लिए मंडल ने अपने मेस प्रकल्प के माध्यम से दीपावली व्यंजनों का उपक्रम शुरू किया है।

संक्षिप्त खबरें

बेसबॉल बैट से युवक की पिटाई

रायपुर/नवप्रदेश। हीरापुर जरवाय बीएसयूपी कॉलोनी में कुछ युवकों ने एक युवक की बेसबॉल के बेट से बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित को आंख और जबड़े में चोट आई है। दरअसल, हीरापुर बीएसयूपी कॉलोनी निवासी अजय गौरे उर्फबॉबी 21 अक्टूबर को अपने दोस्त सुमीत निर्मलकर के घर, रोटरी नगर झालर लगाने गया था। बॉबी जब अपने दोस्त सुमीत के घर के बाहर खड़ा था, तभी कैफअपने भाई जावेद के साथ पहुंचा और पुरानी बात को लेकर उससे विवाद करना शुरु कर दिया। बॉबी ने जब विरोध किया तो दोनों ने बेसबॉल बैट से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में बॉबी की बाई आंख के ऊपर और जबड़े में चोट आई। आमानाका पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

गाली देने पर विवाद, तीन लोगों पर टंगिए से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। मुजगहन थाना क्षेत्र के धनेली गांव में मामूली विवाद में आरोपियों ने तीन लोगों पर टंगिया और इंट से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों को गंभीर चोट आई है। सभी का इलाज जारी है। धनेली निवासी नेतराम साहू ने पुलिस को बताया कि वह विजय वर्मा, मोहन चक्रधारी और हरेंद्र साहू के साथ बात कर रहा था। तभी भरत यादव अपने साथी भीखम यादव और नुमेश यादव के साथ आया। थोड़ी देर में वो गालियां देने लगा। मना करने पर तीनों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच भरत यादव ने नेतराम के सर पर टंगिए से वार कर दिया। बीच-बचाव करने आए दिलीप पटेल और भूपेंद्र साहू पर भी टंगिए और ईंट से हमला किया। तीनों को गंभीर चोट आई है। मुजगहन थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पति के अफेयर को लेकर मारपीट बेटी और डेढ़ साल की भांजी घायल

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बुधवार रात मेला घूमने आई महिला पर हमला हो गया। विवाद पति के प्रेम प्रसंग को लेकर शुरू हुआ। इस दौरान महिला को दूसरे पक्ष वालों ने जमकर पीट दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी बेटी और डेढ़ साल की भांजी भी घायल हो गई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बैरनबाजार में रहने वाली फिरदौस बेगम ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति, बेटी मंतशा फातिमा और बहन की बेटी आयशा को लेकर सालेम स्कूल गेट के सामने लगे मेले में गई थी। तभी उसके पति से प्रेम संबंध रखने वाली महिला सफीना मिर्जा अपने पति इस्लाम मिर्जा के साथ वहां पहुंच गई। फिरदौस ने सफीना से कहा कि मेरे पति से रिश्ता खत्म कर दो।

71 करोड़ की लागत से बनेगा महादेव घाट कॉरिडोर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में शहर के प्रमुख विकास कार्यों को गति देने के लिए नगर निगम और संबंधित विभागों ने बड़ी योजना बनाई है। महादेवघाट कॉरिडोर, तेलीबांधा टेक्निकल टावर और गौरव पथ 2.0 के निर्माण के लिए कुल 71 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें महादेवघाट कॉरिडोर के लिए 18 करोड़ 86 लाख रुपए, तेलीबांधा टेक्निकल टावर के लिए 39 करोड़ 31 लाख रुपए और गौरव पथ 2.0 के लिए 14 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इन परियोजनाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

तेलीबांधा टेक्निकल टावर

तेलीबांधा में जी प्लस 9 फ्लोर वाला ट्रेड और आईटी टावर बनाया जाएगा। यह टावर 2 एकड़ में होगा। इसके बेसमेंट में दो पार्किंग की सुविधा होगी। लोवर और अपर ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग होगी। जबकि फर्स्ट फ्लोर पर को-वर्किंग स्पेस, सेकंड फ्लोर पर ऑडिटोरियम, तीसरे फ्लोर पर रूफ्टॉप रेस्टोरेंट, चौथे और पांचवें फ्लोर पर कॉर्पोरेट ऑफिस और छठवें फ्लोर पर क्लब हाउस की सुविधा रहेगी। सातवें और आठवें फ्लोर पर होटल की सुविधा होगी, जिससे मल्टी नेशनल कंपनियों और उद्योग क्षेत्र के लोग यहां रहकर काम कर सकेंगे। टावर में फायर फाइटिंग, एयर कंडीशनिंग, लैंडस्केपिंग और ग्रीन स्पेस जैसी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान भी किया गया है।

महादेवघाट कॉरिडोर

राजधानी के प्राचीन महादेवघाट का स्वरूप भी बदलने वाला है। उज्जैन के महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर रायपुर में महादेवघाट कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना में धार्मिक और पर्यटन महत्व को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। महादेवघाट के आसपास के पूरे क्षेत्र को आधुनिक, व्यवस्थित और पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक बनाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, कॉरिडोर में पैदल मार्ग, ग्रीन स्पेस, बैठने की व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं भी शामिल होंगी।

गौरव पथ 2.0 परियोजना

रायपुर में गौरव पथ 2.0 के तहत सीएसईबी चौक से पचपेड़ी नाका तक सड़क का चौड़ीकरण और विकास किया जाएगा। इस परियोजना में सड़क का चौडीकरण, पाथवे, ग्रीन वर्ज और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इसका उद्देश्य राजधानी में यातायात की सुगमता बढ़ाना और सड़क के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन सुनिश्चित करना है।

परियोजनाओं से विकास और पर्यावरणीय लाभ

निगम का दावा है कि इन तीनों परियोजनाओं से राजधानी के सौंदर्यीकरण, पर्यटन और व्यावसायिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। तेलीबांधा टेक्निकल टावर से आईटी और कॉर्पोरेट सेक्टर में निवेश बढ़ेगा, महादेवघाट कॉरिडोर धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से आकर्षण बढ़ाएगा, जबकि गौरव पथ 2.0 यातायात और नागरिक सुविधा में सुधार करेगा। ये परियोजनाएं रायपुर को एक आधुनिक, व्यवस्थित और पर्यावरणीय दृष्टि से बेहतर शहर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

छठ पूजा से पहले सड्डू तालाब में नगर निगम जोन 9 का विशेष सफाई अभियान

जेसीबी और 50 कामगार तैनात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 25 अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाले छठ पूजा पर्व की तैयारियों के तहत नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा शहर के तालाबों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जोन 9 की टीम ने सड्डू तालाब की गहन सफाई शुरू की है, ताकि छठ पूजा के लिए स्वच्छ और सुंदर वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

जेसीबी और सफाई कामगारों की तैनाती

महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 9 के अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य व कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड (क्रमांक 7) के पार्षद खेम कुमार सेन और जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा के मार्गदर्शन में सड्डू तालाब की विशेष सफाई चल रही है। जेसीबी मशीन और 50 सफाई कामगारों की मदद से तालाब से भारी मात्रा में कचरा और गंदगी

निकालकर तत्काल परिवहन किया गया। तालाब के सभी घाटों की सफाई कर स्वच्छता सुनिश्चित की गई। जोन 9 के कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, उप अभियंता आशुतोष पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे और स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी ने छठ पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण कर अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

अब लाइसेंस प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष

■ आधुनिक तकनीक से होगें ड्राईविंग टेस्ट: परिवहन मंत्री केदार कश्यप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों की योग्यता और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग टेस्ट और लाइसेंसिंग प्रक्रिया का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। परिवहन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार राज्य के 8 जिले रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जगदलपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और कोरबा में ई-ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक) की स्थापना की जा रही है।

इन आधुनिक ई-ट्रैकों के माध्यम से ड्राइविंग टेस्ट पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी तरीके से लिए जाएंगे। इसका उद्देश्य है कि ड्राइविंग परीक्षण में मानव हस्तक्षेप कम हो, निष्पक्षता बनी रहे और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए।

1 नवंबर को शैक्षणिक संस्थानों के लिए अवकाश घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने 1 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिए अवकाश घोषित किया हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस बाबत आदेश भी जारी किया है। आदेश को सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव अंशिका ऋषि पाण्डेय ने जारी किया हैं।

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के फॉर्म अब 31 तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राइवेट परीक्षार्थी अब 31 अक्टूबर 2025 तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा मार्च 2026 के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। बोर्ड जल्द ही परीक्षा का पूरा शेड्यूल जारी करेगा।विलंब शुल्क के साथ नवंबर तक मौका-जो छात्र 31 अक्टूबर तक आवेदन नहीं कर पाएंगे, वे 1 से 16 नवंबर तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे। वहीं, 17 से 30 नवंबर तक विशेष विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरे जा सकते हैं। बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे स्कूल स्तर पर छात्रों को आवेदन प्रक्रिया पूरी करने में मदद करें ताकि कोई भी छात्र वंचित न रहे।

सुविचार

झूठ कहते हैं लोग कि संगत का असर होता है, कांटों को गुलाब के साथ रहते हुए भी महकने का सलीका नहीं आया। - अज्ञात

मजबूरी का नाम महागठबंधन

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन में अंतरकलह थमने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल बिहार में मजबूरी का नाम महागठबंधन बन गया है। दो चरणों के मतदान के लिए प्रत्याशियों के नामांकन शुरू होने और नाम वापसी की आखरी तिथि आ जाने के बावजूद महागठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों का बंटवारा सुलझ नहीं पाया। हालांकि तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर देने के बाद महागठबंधन के कुछ प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिये हैं लेकिन राष्ट्रीय जनता दल के एक भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। नतीजतन आधा दर्जन से ज्यादा सीटों पर अब भी महागठबंधन के घटक दलों के बीच फ्रेंडली मुकाबला होना तय है। जहां एक ओर एनडीए ने अपनी चुनावी तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है और एनडीए के नेता चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। वहीं तेजस्वी यादव पिछले एक सप्ताह से कोप भवन में जाकर बैठ गये थे वे अपनी इस जीत पर अड़े हुए थे कि उन्हें महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया जाये, जबकि कांग्रेस पार्टी इसके लिए तैयार नहीं थी। आखिरकार इस गुत्थी को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत को पटना भेजा लेकिन वे भी तेजस्वी यादव को मनाने में कामयाब नहीं हो पाये। नतीजतन तेजस्वी यादव के सामने कांग्रेस को हथियार डालने पड़े और अशोक गहलोत ने पटना में पत्रकार वार्ता लेकर तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया। इस दौरान उन्हें मुकेश सहनी को भी उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने के लिए बाध्य होना पड़ा, क्योंकि मुकेश सहनी भी जिद पर अड़ गये थे कि उन्हें उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाये। तेजस्वी यादव तो खैर महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं क्योंकि वे विपक्ष के नेता है और पूर्व उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। राष्ट्रीय जनता दल बिहार की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और वही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो डेढ़ सौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। किन्तु मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी जिसका निवृत्तमान बिहार विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है और वह मात्र 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उस पार्टी से मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री का चेहरा बनाना महागठबंधन को भारी पड़ सकता है। महागठबंधन में राजद के बाद कांग्रेस दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है जो 60 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऐसे में यदि कांग्रेस चाहती तो दलित नेता और बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम को भी उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करा सकती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया, इससे दलित मतदाता महागठबंधन से छिटक सकते हैं और मुस्लिम मतदाता भी किसी मुस्लिम को उपमुख्यमंत्री का चेहरा न बनाने से नाराज हो सकते हैं।

वुमेन्स वर्ल्ड कप में भारतीय बेटियों का कमाल

वुमेन्स वर्ल्ड कप में भारत की बेटियों ने सेमीफाइनल में पहुंचकर कमाल कर दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले में भारतीय शेरनियों ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 340 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। स्मृति मंधाना ने मात्र 95 गेंदो में 109 रनों की धुआंधार पारी खेली वहीं प्रतिभा रावल ने 134 गेंदों पर 122 रन बनाये। इन दोनों के शतकों के कारण भारत रनों का पहाड़ खड़ा कर पाया और इसका पीछे करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को 56 रनों से हराने में सफल हो गया। स्मृति मंधाना और प्रतिभा रावल ने 200 से ज्यादा रनों की साझेदारी करके भी एक नया कीर्तिमान रचा। स्मृति मंधाना ने 14 शतक बना दिये हैं और वे ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गई हैं। एक कलेन्डर वर्ष में लगातार दूसरे साल 5-5 शतक लगाने वाली दुनिया की पहली बल्लेबाज भी बन गई है। भारत की शेरनियों ने वुमेन्स वर्ल्ड कप में अब तक बेहद शानदार प्रदर्शन किया है इसलिए अब यह उम्मीद की जा रही है कि वह आगे भी अपने इस बेहतरीन प्रर्दशन को बरकरार रखेगी और सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में भी जगह बनाएगी तथा वर्ल्ड कप जीत कर नया इतिहास रचेगी।

गजेंद्र सिंह शेखावत

जीएसटी सुधार और भारतीय पर्यटन का नया सवेरा

जीएसटी सुधार कोई अलग-थलग राजकोषीय उपाय नहीं हैं, ये इस दर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं कि कराधान बाधा न बने, बल्कि सबके लिए आसान हो। ये यात्रा को और अधिक किफायती, उद्यम को अधिक व्यावहारिक और पर्यटन स्थलों को अधिक आकर्षक बनाते हैं। ये अर्थव्यवस्था की नब्ज को लोगों के और करीब लाते हैं। जिस प्रकार भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर अग्रसर है, विकसित भारत का सपना वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी और सांस्कृतिक रूप से सशक्त पर्यटन इको-सिस् टम के बिना अधूरा रहेगा। दुनिया भारत को नए सिरे से जान रही है- न केवल एक गंतव्य के रूप में, बल्कि एक ऐसे अनुभव के रूप में जो परंपरा का आधुनिकता के साथ, अर्थव्यवस्था का संवेदना के साथ सामंजस्य बिठाता है।

भारत में पर्यटन का अर्थ हमेशा ही मनोरंजन से कहीं बढ़ कर रहा है ङ्क यह सभ्यताओं के बीच संवाद, विरासत का वाहक और समावेशी विकास का उत्प्रेरक है। फिर भी, दशकों से, लद्दाख के मठों से लेकर कन्याकुमारी के समुद्री तटों तक, हमारी अ?द्वितीय विविधता के बावजूद, इसकी पूरी क्षमता का दोहन करों के अलग-अलग ढांचे और उच्च लागत के कारण नहीं हो पाया है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल के सुधारों ने इस कहानी को अब बदलना शुरू कर दिया है।

वर्षों से, भारत का पर्यटन और आतिथ्य उ?द्योग एक जटिल कर व्यवस्था के बोझ तले दबा रहा है। सेवा कर, वैट, विलासिता कर जैसे कई तरह के करों ने भ्रम उत् पन् न किया और यात्रा की लागत बढ़ा दी। जीएसटी लागू होने से करों में सरलीकरण तो हुआ था, लेकिन हाल ही में दरों का युक्तिसंगत बनाया जाना भारतीय पर्यटन को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में निर्णायक सिद्ध हुआ है।

होटल के 7,500 रुपये से कम शुल्क वाले कमरों पर जीएसटी की दर 12त्न से घटाकर 5त्न करना विशेष रूप से परिवर्तनकारी रहा है। मध्यम वर्गीय परिवार और कम खर्च में यात्रा करने वाले लोग, जो घरेलू पर्यटन की रीढ़ हैं, उनके लिए यात्रा अब अधिक किफायती हो गई है। उच्च अधिभोग दर, लंबे समय तक प्रवास और स्थानीय स्तर पर अधिक खर्च इसके प्रत्यक्ष परिणाम हैं। कम अनुपालन लागत से छोटे उद्यमियों और होमस्टे मालिकों के लिए

लाभप्रदता में सुधार हुआ है और औपचारिकता को बढ़ावा मिला है। यह पर्यटन के विस् तार और स्थायित्व की दिशा में शांत लेकिन महत् वपूर्ण बदलाव है।

पर्यटन कनेक्टिविटी के बल पर फलता-फूलता है। यात्री परिवहन पर, खासकर दस से ज़्यादा यात्रियों वाली बसों पर जीएसटी दर का 28त्न से घटाकर 18त्न किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे तीर्थयात्रियों, छात्रों और परिवारों के लिए अंतर-शहरी और समूह यात्राएँ ज़्यादा सुलभ हो गई हैं। हेरिटेज सर्किट, इको-टूरिज्म पार्क और ग्रामीण पर्यटन स्थलों मैं नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।

यह सुधार सस्ते टिकटों की उपलब्धता से कहीं बढ़कर है- यह क्षेत्रों को जोडने, यात्रा को सबके लिए सुलभ बनाने और छोटे दूर ऑपरेटरों को अपना कारोबार बढ़ाने का अवसर देने से संबंधित है। भारत के लिए, जहाँ पर्यटन क्षेत्रीय समानता का एक सशक्त माध्यम है, वहीं किफायती यात्रा आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है।

भारत का आकर्षण केवल उसके स्मारकों में ही नहीं, बल्कि उसकी जीवंत परंपराओं में भी निहित है। कला और हस्तशिल्प उत्पादों पर जीएसटी को 12त्न से घटाकर 5त्न करने से उस क्षेत्र को बढ़ावा मिला है जो लाखों कारीगरों के जीवनयापन का आधार है। स्थानीय बाज़ार में बिकने वाली हर हस्तनिर्मित कलाकृतियों पर भारत की सांस्कृतिक निरंतरता की छाप होती है। करों में कमी किया जाना यहाँ महज़ आर्थिक पहल भर नहीं है- यह एक सांस्कृतिक निवेश है। आज पर्यटक प्रामाणिकता की तलाश में रहते हैं और जब वे हाथ से बुनी कांचीपुरम की साडी या चंदन की नक्काशीदार मूर्ति घर ले जाते हैं, तो वे भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का एक हिस्सा अपने साथ ले जाते हैं। यह सुधार कारीगरों को सशक्त बनाता है, शिल्प समूहों को मज़बूत बनाता है और विरासत को विकास की कहानी का हिस्सा बनाता है।

संभवतः जीएसटी का सबसे स्थायी लाभ स्पष्टता है। छोटे होटल, होमस्टे और ट्रैवल एजेंसियाँ अब राज्य-विशिष्ट करों की भूलभुलैया के बजाय एक ही निर्धारित ढाँचे के भीतर काम करती हैं। इससे अनुपालन में सुधार होता है, निवेशकों का विश्वास बढ़ता है और नवाचार के लिए जगह बनती है। औपचारिकीकरण उन हज़ारों छोटे ऑपरेटरों के लिए ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान तक पहुँच भी बनाता है, जो कभी अनौपचारिक रूप से काम किया करते थे। एक ऐसा क्षेत्र, जो अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक महिलाओं और युवाओं को रोजगार देता है, यह एकीकरण

परिवर्तनकारी है। पर्यटन अब केवल फुर्सत के क्षणों में आनंद उठाने से संबंधित उ?द्योग मात्र ही नहीं रह गया है, बल्कि उद्यमिता और आजीविका का प्रेरक भी बन चुका है।

वैश्विक स्तर पर, पर्यटक किस जगह की यात्रा करेंगे, यह वहाँ की मूल्य की प्रतिस्पर्धात् मकता पर निर्भर करता है। वर्षों से, भारत थाईलैंड और वियतनाम जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई गंतव्यों से पीछे रहा है, जहाँ होटलों के कर की दर कम थी और शुल्क सरल थे। हाल ही में जीएसटी में बदलाव ने इस अंतर को कम कर दिया है। भारत अब वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी दरों पर आयुर्वेदिक रिट्रीट से लेकर हेरिटेज होटल तक विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करता है।

परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। घरेलू पर्यटन रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच गया है और विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। क्रूज़, वेलनेस, फ़िल्म और आध्यात्मिक पर्यटन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों का तेज़ी से विस्तार हो रहा है। स्वदेश दर्शन 2.0, प्रसाद और वाइब्रेंट विलेज जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाए जा रहे एकीकृत प्रयास बुनियादी ढाँचे, नीति और सामुदायिक भागीदारी को और बेहतर बना रहे हैं।

पर्यटन वर्तमान में भारत के जीडीपी में लगभग 5त्न का योगदान देता है और 80 मिलियन से ज़्यादा लोगों की आजीविका का आधार है। निरंतर सुधारों और बुनियादी ढाँचे में निवेश के साथ, यह 2030 तक आसानी से दोगुना हो सकता है। पर्यटन गतिविधि में प्रत्येक प्रतिशत की वृद्धि से कई गुना लाभ उत् पन् न होते हैं, जिनमें रोज़गार, स्थानीय उद्यम, महिला सशक्तिकरण और विभिन् न संस् कृतियों के बीच परस् पर समझ का विस् तार शामिल है।

(लेखक केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री हैं।)

योगेश कुमार गोयल

प्रकृति, पवित्रता और प्रार्थना का अनूठा लोकपर्व छठ

पौराणिक कथाओं के अनुसार पाण्डव जब अपना सारा राजपाट जुए में हार गए थे, तब श्रीकृष्ण के निर्देशानुसार द्रोपदी ने छठ व्रत रखा और छठी मैया के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पाण्डवों को राजपाट वापस मिला। पाण्डवों की पत्नी द्रोपदी द्वारा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी आयु के लिए नियमित रूप से सूर्य की पूजा करने का उल्लेख भी मिलता है। छठ पूजा के अवसर पर नदियों, तालाबों इत्यादि के किनारे पूजा की जाती है, जिससे लोगों को इन जलस्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने की प्रेरणा मिलती है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा साफ-सुथरी नदी, तालाबों या अन्य जलस्रोतों के किनारे की जाती है, इसीलिए पूजा से पहले इन जलस्रोतों के आसपास पूरी साफ-सफाई करने का विधान है। यह महापर्व नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने का प्रेरणा देता है, इसीलिए इसे सर्वाधिक पर्यावरण अनुकूल हिन्दू त्यौहार माना जाता है।

आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है, इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उनको दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं।

इस साल 25 अक्तूबर से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ कार्तिक छठ पर्व की शुरूआत हो रही है। इस दिन छठ व्रती नियम-धर्म से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। छठी मइया को ध्यान कर छठ पूजा 2025 का संकल्प नहाय-खाय पर ही लेने का विधान है। इस दिन छठी मइया और आदित्य देव के लिए गीत गाकर उनका आह्वान किए जाने की परंपरा है। 26 अक्तूबर को खरना है। इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। 27 अक्तूबर को अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को संध्याकालीन अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतति वृद्धि की कामना आदित्य देव से करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ढ़लते सूरज को जल चढ़ाने से भगवान दिनकर छठ व्रती को भर-भरकर आशीष

देते हैं। 28 अक्तूबर को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जाना है। इस दिन दीनानाथ के उगते स्वरूप का दर्शन कर छठ व्रती खुशहाली की कामना करती हैं। परिवार के लोग भी छठ व्रती को सामने से दूध-जल का अर्घ्य अपर्ण कर अपनी निष्ठा प्रकट करते हैं। छठी मइया से मंगलकामनाएं की जाती हैं। छठ पूजा का प्रसाद छठ घाट पर ही ग्रहण करने का विधान है। अंतिम चरण में छठ व्रती पारण कर चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान समाप्त करती हैं। नियम, संयम और तपस्या का महापर्व छठ चार दिनों तक चलता है लेकिन इसकी तैयारी कई सप्ताह पहले ही शुरू हो जाती है। षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व की शुरूआत मूल रूप से बिहार और पूर्वांचल से हुई मानी जाती है लेकिन अब यह न केवल भारत के अलग-अलग राज्यों में बल्कि विदेशों में भी मनाया जाने लगा है और बिहार तथा पूर्वांचल के ही नहीं, अन्य क्षेत्रों के बहुत से लोग भी अब छठ पर्व के प्रति आस्थावान होकर यह व्रत करने लगे हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्घ्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा करने के पश्चात् प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है। छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं। माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया करते थे। सूर्यदेव की कृपा से ही वे महान् योद्धा बने थे। एक मान्यता यह भी है कि देवमाता अदिति ने प्रथम देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं के हार जाने पर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। छठी मैया ने उनकी आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें सर्वगुण सम्पन्न तेजस्वी पुत्र को जन्म देने का वरदान दिया, जिसके बाद अदिति ने त्रिदेव रूप आदित्य भगवान को जन्म दिया, जिन्होंने देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। कहा जाता है कि तभी से छठ पर्व मनाए जाने का चलन शुरू हो गया।



सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ अपने घर के लिए विरले लोग सच्चे प्रेमी होते हैं।

❖ सच्चा प्रेमी होना विरले लोगों के जीवन में संभव है।

❖ ऐसे परिवार बनो, ऐसे मित्र बनो कि स्वयं भी बुद्धत्व की ओर और एक-एक परिवार का सदस्य बुद्धत्व की ओर, समझ की ओर।

❖ गुरु वचन सुनने में अच्छा लगा होगा तो जीने में भी अच्छा लगेगा और जी लोगे और ऐसा मूर्त रूप में हो जाएगा तो मौज ही मौज है, आनंद आनंद है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1415 - इंग्लैंड ने उत्तरी फ्रांस में एजिनकोर्ट की लड़ाई जीती। 1812 युद्ध के दौरान अमेरिका फ्रिगेट यूनाइटेड स्टेट्स ने ब्रिटिश पोत मैसिडोनिया पर क़ब्ज़ा कर लिया। 1917 बोल्शेविक व्लादिमीर इलिच लेनिन ने रूस में सत्ता हथिया ली। 1924 भारत में ब्रिटिश अधिकारियों ने सुभाषचंद्र बोस को गिरफ्तार कर 2 साल के लिए जेल भेज दिया। 1951 - भारत में पहले आम चुनाव की शुरूआत हुई। 1962 अमेरिकी लेखक जॉन स्टीनबेक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया। 1964 - अवादी कारखाने में पहले स्वदेशी टैंक 'विजयंत' का निर्माण किया गया। 1971 संयुक्त राष्ट्र महासभा में ताइवान को चीन में शामिल करने के लिए मतदान हुआ। 1995 तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने संयुक्त राष्ट्र के 50वें वर्षगांठ सत्र को संबोधित किया। 2000 अंतरिक्ष यान डिस्कवरी (यू.एस.ए.) 13 दिन के अभियान के बाद सकुशल वापस। 2005 ईराक में नये संविधान को जनमत संग्रह में बहुमत के साथ मंजूरी मिली।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

युद्ध भी एक खेल

युद्ध भी एक खेल है ये माखौल उड़ाना नहीं है तो क्या है आखिर! युद्ध के लिए बनाए गए सभी नियम-कायदे किसलिए और क्यूं है भुख कागज से नहीं मिटती खून से प्यास नहीं मिटती यह तो अन्न माँगती है क्या बारूद की चुर्ण यह भूख ही मिटा देगी जैसे खोखे में भरी बारूद चुपचाप पड़ी रहती है अगर हाँ! तो बरसाओ सारे आवाम की पेट पर बरसाओ और बरसाओ बम और गोले ही अब आंखों में नाचते रहेंगे। - **सपना चन्द्रा**

सबके लिये मैं

सबके लिये मैं, मेरा कौन है कर्म माँगे मेरी मेहनत को धर्म माँगे हर सत्कार को मित्र माँगे मुझसे संबंध मेरा हित माँगे मेरे बांधे रिस्तों को सबके लिये मैं, मेरा कौन है मात माँगे कोख को पिता माँगे पोस को पुत्री माँगे आँगन को पुत्र माँगे दिये जन्म को सबके लिये मैं, मेरा कौन है मन दिया मष्तिष्क दिया लुटा दिया जग इस जन्म को मुझमे मेरा जब कोई नहीं क्योंकर लुटाऊँ इस मन को सबके लिये मैं, मेरा कौन है।

- **ललित उपाध्याय**

अपने स्वाभिमान से समझौता करना

अपने स्वाभिमान से समझौता करना अपने आप से समझौता करना है.सर उठा कर चलना है तो गिरना नहीं परंतु गिराना भी नहीं है क्यूंकि अपने self respect को संभालते हुए किसी और के सम्मान की धज्जियाँ उड़ाना भी सही नहीं.. मेरे ख्याल मेरी कलम से। - **अंजु डोकानिया**

ये पटाखे फोड़ने और दिल्ली के गैस चेम्बर

ये पटाखे फोड़ने और दिल्ली के गैस चेम्बर बनने के लिए कोंग्रेसी मोदी जी को क्यों दोष दे रहे... क्या कोई कोंग्रेसी फटाखे नहीं फोड़े या त्यौहार नहीं मनाए है... कभी तो बिना राजनीति के त्योहारों का मज़ा लिया करें.. जाओ अब बचा लो पर्यावरण को कौन रोकेगा.. चलो फटाखे से प्रदूषण होता है पर तुमको तो दीपक जलाने से भी समस्या है.. पुरे कांग्रेस सहित तमाम विपक्ष का पेज त्यौहार के नकारात्मकता से भरा पड़ा है..। - **अंबर दानी**

मेरे ख्वाब की ताबीर हो तुम, मेरे लिए

मेरे ख्वाब की ताबीर हो तुम, मेरे लिए एक जागीर हो तुम। तुम्हें पाने की त मन्ना की थी मैने, इसी हकीकत के तलबगार हो तुम। इतनी इनायत करते रहना, ,मेरे हमसफर हमसाज हो तुम। हर राज तुमसे बया किया है मैने, एक राजदार भी हो तुम। विश्वास को विशवास में बदलने वाले, यही मेरा विश्वास हो तुम। कभी ये सफर न रुकने पाये, मेरे हम सफर हमराज हो तुम।। - **हेमा पांडेय**

अरबों घोटाले कर दिये उन्हें सिर

अरबों घोटाले कर दिये उन्हें सिर में हम चढ़ा दिए सीखा ही था लूटना अभी और ईमान का पाठ पढ़ा दिए कह रहा होगा कुछ ऐसा मन ही मन मे अपनी बात लुटेरो ने ही सम्हाले व्यवस्था भाई सौ बात की एक ही बात। - **संत आर थवाइत**

मुलाकात जब होती है, लोग

मुलाकात जब होती है, लोग पूछते हैं हाल - चाल। असल में वे नहीं रखते हैं आप से कोई वास्ता। मुलाकात हो गई आमने -सामने तो सिर्फ अपना पन की करते हैं दिखावट। साल ,दो साल में एक फोन भी नहीं आता। फिर कैसे समझ लें उन्हें अपना। - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपका स्वास्थ्य पुर्व में असंयमित भोजन अथवा दिनचार्य के कारण दिन के आरम्भ में कुछ नरम रह सकता है।

वृषः आज के दिन आपके दिमाग मे धन संबंधित मामलों को लेकर कुछ ना कुछ तिकडम लगी रहेगी। मध्यान तक रुपये पैसे को अधिक अहमियत देंगे स्वभाव से कंजूस रहेंगें।

मिथुनः आज के दिन आपको स्वास्थ्य संबंधित कोई ना कोई समस्या लगी रहेगी एक तो पहले से ही स्वभाव आलसी रहेगी ऊपर से सेहत भी थोड़ी हल्की रहने पर काम से मन चुरायेंगे।

कर्कः आज के दिन आपमे बुद्धि विवेक की प्रचुर मातारा होने पर भी व्यवहार जिद्दी घमंडी जैसा रहेगा जिसके चलते कुछ लोगो से आपसी स्नेह संबंधों में खटास आने की संभावना है।

सिंहः आज के दिन आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा लेकिन थोड़े से परिश्रम से ही अधिक पसीना और घबराहट बनेगी।

कन्याः आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से उन्नति वाला रहेगा। धन संबंधित समस्याएं काफी हद तक सुलझने पर दिन भर प्रसन्नता रहेगी।

तुलाः आज के दिन आपकी सेहत तो ठीक रहेगी लेकिन नेत्र संबंधित शिकायत रह सकती है।

वृश्चिकः आज का दिन बीते कुछ दिनों की तुलना में कुछेक बातो को छोड़ आपके अनुकूल रहेगा। दिन के आरंभ में आपके मन मे कोई मनोकामना पूर्ति की योजना लगी रहेगी।

धनुः आज के दिन आपको अपने किसी पूर्व निर्णय के कारण खेद होगा। स्वास्थ्य किसी लंबी बीमारी के कारण पूर्ण रूप से ठीक नही रहेगा।

मकरः आज का दिन भी आशानुकूल रहेगा। सेहत उत्तम रहने से कार्यो को मन लगाकर करेंगे लेकिन किसी के हस्तक्षेप करने से मन विक्षिप्त हो सकता है।

कुंभः आज के दिन आप सम्भल कर ही कार्य करेंगे फिर भी सफलता में संशय बना रहेगा।

मीनः आज सेहत में भले ही सुधार आएगा लेकिन स्वभाव में प्रातः काल से ही चिड़चिड़ा पन रहेगा।

सूर्योदय : 06:35, सूर्यास्त : 05:47, चन्द्रोदय : 08:53, चन्द्रास्त : 19:05, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : शोभन, प्रथम करण : तैतिल (12:03 तक), द्वितीय करण : गर (25:19 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) एशिया का सबसे बड़ा ग्रास लैण्ड कौन-सा है?

2) बाल गंगाधर तिलक को लोकमान्य की उपाधि कब मिली?

3) आसमान में सबसे बड़ा नक्षत्र कौन सा है?

4) अप्रैल 2025 में रक्षा साहित्य महोत्सव कलम एंड कवच 2.0 का आयोजन कहाँ हुआ?

5) हाल ही में, पैलास की बिल्ली को भारत के किस राज्य में देखा गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बन्नी ग्रास लैण्ड (2) होमरूल आन्दोलन के दौरान (3) हाइड्रा (4) नई दिल्ली (5) हिमाचल प्रदेश

शब्द सागर

न्यूज गैलरी

स्वास्थ्य केंद्र को दान में मिली दो आधुनिक व्हील चेयर

भिलाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में स्व राधेलाल तिवारी और स्व देवकी तिवारी मोरिद निवासी के पुत्र केशव नंदन तिवारी पदमुनगर भिलाई 3 ने नवीन आधुनिक दो नग व्हील चेयर दान की। बीईईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि अस्पताल में वयोवृद्ध मरीजों को गेट से अस्पताल परिसर लाने और घर तक लेकर छोड़ने में व्हील चेयर मददगार साबित होगी। इस आधुनिक व्हील चेयर पर में बुजुर्गों की सहूलियत को देखते हुए बेडपान लगाया गया है। सैय्यद असलम और अस्पताल प्रबंधन ने केशव नंदन तिवारी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए लोगों से मरीजों के आवश्यक जरूरतों सामान के दान करने का संकल्प लेने अपील की है। इस अवसर पर आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, डा अर्चना पांडेय और एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास सहित स्टाफमौजूद थे।

कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन की ली जानकारी, दिये आवश्यक निर्देश

- **कलेक्टर पहुंचे सिरसाखुर्द, करंजा-भिलाई, कोड़िया और अहिवारा सहकारी समिति**
- **पटवारी और समिति प्रबंधक को कारण बताओं नोटिस**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के किसानों के एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन हेतु सभी सेवा सहकारी समितियों में 24 से 26 अक्टूबर तक शिविर आयोजित किये जा रहे है। शिविर के प्रथम दिवस कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिरसाखुर्द, करंजा-भिलाई, कोड़िया और अहिवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में एग्रीस्टैक पर किसानों के पंजीयन और अब तक पंजीयन नहीं होने संबंधी कारणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने उक्त शिविर को गंभीरतापूर्वक नहीं लेने पर सीबीसी के अधिकारियों, समिति प्रबंधकों और कम्प्यूटर ऑपरेटर को कड़ी फटकार भी लगाई। उन्होंने करंजा-भिलाई की पटवारी अनिता साहू और सेवा सहकारी समिति अहिवारा के समिति प्रबंधक देवेन्द्र साहू को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समितियों के निरीक्षण के दौरान कहा कि पंजीयन हेतु व्यक्तिगत जानकारी के अभाव में किसानों की सूचीबद्ध पंजी संधारित कर उनके मोबाईल नंबरों पर पंजीयन की जानकारी उपलब्ध कराये। साथ ही ऋण पुस्तिका, आधार नंबर एवं आधार से लिंकेड मोबाईल नंबर के साथ शिविर में उपस्थित होकर पंजीयन कराने प्रेरित किया जाए। शिविर स्थल पर पंजीयन हेतु थम्ब, आधार नंबर एवं लिंकेड मोबाईल नंबर की आवश्यकता संबंधी फ्लैक्स के माध्यम से सूचना प्रदर्शित की जाए। शिविर के दौरान फौती, नामांतरण, आधार में नाम त्रुटि, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि की उपलब्धता अधिकारी अपने स्तर से सुनिश्चित कर कृषकों का पंजीयन कराये। राजस्व पटवारी फौती-नामांतरण नहीं कराने वालों किसानों को प्रेरित कर फौती-नामांतरण कराये ताकि किसान अपने नाम से धान का विक्रय कर सकें।

कलेक्टर ने समितियों में कृषक पंजीयन प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर पंजीयन हेतु पहुंचे किसानों का रू-ब-रू चर्चा कर धान विक्रय हेतु एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की आवश्यकता के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर को समिति प्रबंधकों ने अवगत कराया कि सेवा सहकारी समिति सिरसाखुर्द में 1196 पंजीकृत कृषक है। जिसमें 1090 का पंजीयन हो चुका है। व्यक्तिगत जानकारी के अभाव में 106 शेष है। सेवा समिति करंजा भिलाई में 1161 पंजीकृत किसानों में से 24 का पंजीयन होना शेष है। सेवा सहकारी समिति कोड़िया में पंजीकृत 2037 कृषकों में से 17 कृषकों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन होना शेष है। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति अहिवारा में पंजीकृत 1616 कृषकों में 1600 का पंजीयन हो चुका है, 16 किसान पंजीयन हेतु शेष है। यहां पर 152 कृषकों का व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है। उक्त कृषकों से जानकारी प्राप्त करने और शिविर के माध्यम से पंजीयन कराने में उदासीनता बरतने पर समिति प्रबंधक देवेन्द्र साहू को कारण बताओ नोटिस जारी करने सीबीसी के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार मृत्यु प्रमाण पत्र होने के बावजूद भी मृत कृषक के फौती उठाने के कार्यवाही लंबित रखने पर पटवारी अनिता साहू को नोटिस जारी करने तहसीलदार गुप्ता को निर्देशित किया है। इस अवसर पर एसडीएम उत्तम ध्रुव, एसडीएम महेश राजपूत, तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता एवं सीबीसी के अधिकारी, समिति प्रबंधक और कृषक उपस्थित थे।

कल भिलाई में जुटेंगे पूर्व साक्षरता सेवी, सम्मानित होंगे श्रेष्ठ कार्यकर्ता

भिलाई। पूर्ववर्ती दुर्ग ज़िले में 90 के दशक में संचालित साक्षरता अभियान में अपनी निःस्वार्थ स्वंयसेवी भागीदारी देने वाले साक्षरता सेवियों का सम्मेलन 26 अक्टूबर को भिलाई में आयोजित होगा। साक्षरता मित्र मंच द्वारा यह आयोजन भिलाई सेक्टर-6 स्थित जैन भवन में प्रातः 9.30 से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा।

इस आयोजन में पूर्व की जिला साक्षरता समिति दुर्ग द्वारा संचालित हुए साक्षरता, उत्तर साक्षरता अभियान के अलावा जनशाला, स्वास्थ जागरूकता, जलग्रहण क्षेत्र विकास, निशक्तजन परामर्श केंद्र, महिला परिवार परामर्श केंद्र, मितानिन जैसे विविध कार्यक्रमों में स्वैच्छिक सेवाएँ देने वाले प्रमुख कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इस आयोजन में दिवंगत साक्षरता सेवियों जैसे जमुनालाल कसार, डा सुरेन्द्र दुबे, मुकुंद कौशल, विजय शंकर चौबे, निशा गौतम, बीएल परगनिहा, एमएम वशिष्ठ जैसे 42 दिवंगत विशिष्ट साक्षरता सेवियों की स्मृति में श्रेष्ठ साक्षरता कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इस एक दिवसीय मिलन कार्यक्रम की गतिविधियों के अन्तर्गत आयोजित सम्मान समारोह में महापौर अलका बाघमार, नीरज पाल, शशि सिन्हा व निर्मल कोसरे श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर दिवंगत साक्षरता सेवियों को श्रृद्धांजलि भी दी जाएगी।

सिनेमाहाल में महिला से छेड़छाड, विरोध करने पर बेटे-पति को पीटा, पांच आरोपी गिरफ्तार

पुलिस चौकी में भी जारी रही दबंगई, बीच-बचाव में आरक्षक का हाथ फ्रैक्चर, मुंशी की उंगली टूटी

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में ट्रांसपोर्टर की दबंगई का मामला सामने आया है। दुर्ग से अपने परिवार के साथ भिलाई के मॉल में मूवी देखने आई महिला के साथ ट्रांसपोर्टर ने पहले तो छेड़छाड़ की फिर बाहर निकलते ही महिला के बेटे और उसके पति को मारा। बताया जा रहा है सीट पर बैठने को लेकर विवाद हुआ था। मामला स्मृति नगर चौकी का है। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी ट्रांसपोर्टर और उसके रिश्तेदारों ने मारपीट की। पुलिस जैसे-तैसे आरोपियों को पकड़कर थाने लाई तो यहां पर दबंगों ने पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया। इस दौरान 3 पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। इनमें एक पुलिसकर्मी का हाथ फ्रैक्चर हुआ है, एक की उंगली टूटी है।

पुलिस ने बताया कि मॉल के पास बीच-बचाव कर रहे प्रधान आरक्षक पकंज चौबे के साथ धक्का-मुक्की की गई। जिससे वो नीचे गिर गए और उनको चोट लग गई। इसके बाद जब 15 से 20 लोग थाने आए। यहां पर विवाद के दौरान सिपाही कौशलेंद्र के साथ मारपीट की। इस मारपीट से सिपाही कौशलेंद्र का हाथ फ्रैक्चर हो गया। पुलिस चौकी में ही आरोपियों ने मुंशी आत्मराम कोसले के साथ भी मारपीट की। इससे उनकी उंगली टूट गई है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार (23 अक्टूबर) को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़कर स्मृति नगर चौकी लेकर आ गई। लेकिन यहां भी आरोपियों की दबंगई जारी रही। पुलिस के अनुसार चौकी में आरोपी सुजीत साव और उसके साथी अंदर घुस आए और वहां मौजूद मुंशी आत्माराम और आरक्षक कौशलेंद्र पर हमला कर दिया।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

पुलिस ने तत्काल सभी आरोपियों के खिलाफ महिला से छेड़छाड़, मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इस मामले में अफसरों के निर्देश पर आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सुजीत साव (49 साल), सुजीत कुमार (32 साल), शिवपूजन कुमार (20 साल), सागर साव (29 साल) और जिगर साव (28 साल) शामिल हैं। पूछताछ में सभी आरोपियों ने जुर्म स्वीकार कर लिया। उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।

सीसीटीवी में कैद हुई घटना

घटना मॉल के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी है, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि देर रात 11 बजे से करीब 1 बजे तक मॉल और चौकी दोनों जगह हंगामा चलता रहा। पुलिस ने गिरफ्तार हुए सभी आरोपियों का जुलूस निकाला और उसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

संस्कार प्रश्नोत्तरी से लोगों ने परखा आध्यात्मिक ज्ञान

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री गुर्जर क्षत्रीय गुजराती समाज की जनकल्याण समिति द्वारा नूतन वर्ष अभिनंदन समारोह में बाल संस्कार शाला के बच्चों से माइक पर संस्कार प्रश्नोत्तरी द्वारा खुली परीक्षा ली। सभा में उपस्थित लगभग 1000 से ज्यादा परिजनों ने सुनकर धर्म ग्रंथो आध्यात्मिक ज्ञान को परखा और प्रतिभागी छात्रों में अपने जवाब उत्तर पुस्तिका में लिखकर जमा किया। समिति प्रभारी नरेंद्र भाई राठौड़ ने बताया कि जनवरी माह से हर सप्ताह रविवार को 2 घंटे चलने वाली बाल संस्कार शाला के बच्चों ने सभा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भव्य चौहान और अक्षरा मिश्रा ने शंख ध्वनि करके श्रीगणेश किया। तत्पश्चात भारतीय संस्कृति की परंपराओं और संस्कारो महापुरुषों से संबंधित प्रश्न माइक पर किया। जिसमें चार विकल्पों से सही का चुनाव करना और ये सारे प्रश्न माइक पर भी पूछे गए लेकिन श्रोताओं से जवाब प्रतिबंध था। केवल सुनकर ज्ञान की परख करना था जो प्रभावित किया। निर्णायक जज के रूप में जयश्री चावडा, किशोर परमार एवं चंद्रेश भाई परमार ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता के नाम घोषित किया। व्यवस्था में शाला शिक्षिका वनिता सोलंकी, हेमा सोलंकी, उषा टांक, पूनम वाघेला, मीनाक्षी चौहान, मयूरी वेगढ़ सहित संस्था अध्यक्ष तुषार चौहान, सचिव दिलीप पडियार, सहसचिव उमेश चौहान, रविलाल वाघेला, चंदू राठौड़ का सराहनीय योगदान रहा। संचालन धीरजलाल टांक ने किया।

रजत महोत्सव : गर्ल्स कॉलेज में एड्स जागरूकता पर आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर रेड रिबन द्वारा एड्स जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम के अन्तर्गत एचआईवी/एड्स रोगियों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व पर व्याख्यान, एड्स जागरूकता पर फिल्म युवाओं की मनो-सामाजिक समस्याओं के लिए उपचारात्मक रणनीतियाँ पर व्याख्यान, प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए आहार पर व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक, एचआईवी/ एड्स पर विशेषज्ञ का दृष्टिकोण, युवा रेड-क्रॉस स्वयंसेवक अंतर्ग्रहण का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इस सप्ताह का उद्देश्य एचआईवी/एड्स से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, एचआईवी से संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करना और सुरक्षित प्रथाओं को बढ़ावा देना है। नोडल अधिकारी प्रो. रेशमा लाकेश ने जागरूकता कार्यक्रम से छात्राओं को एड्स के लक्षण, एड्स कैसे फैलता है। एड्स से बचाव हेतु आई.सी.टी. सेंटर तथा ए.आर.टी. सेंटर के बारे में बताने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों को एड्स संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में बताया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राध्यापक प्रो. मीनाक्षी अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी प्रो. सुषमा यादव, प्रो. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, ज्योति भरणे, मोनिया राकेश सिंह, चाँदन अफसना, वैभवशंकर सोनी, दीपक कश्यप, कमलेश चेलक, कु. तबस्सुम उपस्थित थे।

आचार्य मिश्र की कृति में भारतीय शिक्षा, संस्कृति और वैदिक परम्परा का समावेश

- **भोपाल में लेखक आचार्य मिश्र ने भेंट की अपनी किताब 'भारतीय ज्ञान परम्परा विविध आयाम'**

भिलाई/नवप्रदेश। भारतीय शिक्षा, संस्कृति और वैदिक परम्परा पर आधारित आचार्य प्रभु दयाल मिश्र की पुस्तक 'भारतीय ज्ञान परम्परा विविध आयाम' इन दिनों शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच विशेष लोकप्रिय है। अट्ठारह अध्याय और प्रायः पौने दो पृष्ठों की ये किताब, राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 पर केन्द्रित है। वैदिक साहित्य, रामायण, महाभारत, कालिदास, तुलसीदास और स्वामी विवेकानंद के विचारों की पृष्ठभूमि पर पाठ्यक्रम की विषय वस्तु को रोचक, ज्ञानवर्धक और सरल भाषा में आचार्य मिश्र ने प्रस्तुत किया है। हाल ही में अपने भोपाल के सांस्कृतिक प्रवास के दौरान शिक्षाविद आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा को यह कृति भेंट की। डॉ.शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों में जब इस के आधार पर उन्होंने व्याख्यान दिये तो प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पुस्तक के लेखक आचार्य प्रभु दयाल मिश्र महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थान भोपाल के अध्यक्ष और तुलसी मानस प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश भोपाल की पत्रिका तुलसी मानस भारती के प्रधान संपादक हैं। लेखक ने भारतीय ज्ञान -विज्ञान परम्परा के साथ गूगल, विकिपीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) आदि सुलभ स्रोतों का भी यथास्थान उपयोग किया है। श्रीराम तिवारी, निदेशक, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन, उज्जैन ने भूमिका में बताया है कि असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर एवं मृत्यु से अमरता की ओर जाने को ही भारतीय ज्ञान परम्परा का सार माना गया है। वहीं सप्रे संग्रहालय भोपाल के संस्थापक - संयोजक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर के अनुसार पुस्तक पाठकों को अस्मिता,अस्तित्व और आत्मबोध के अमृत सरोवर में अवगाहन करायेगी। आचार्य डॉ. शर्मा ने भी पठन-पाठन के पश्चात् उपर्युक्त विचारों से सहमति व्यक्त करते हुवे इसे प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के लिये विशेष उपयोगी बताया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने चयन स्पर्धा

भिलाई/नवप्रदेश। कबीरधाम जिला बैडमिन्टन संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर बालक एवं बालिका बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन एकल एवं युगल वर्ग में 11 से 14 नवम्बर 2025 तक कबीरधाम में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये खिलाड़ियों के चयन हेतु भिलाई क्लब सिविक सेंटर के बैडमिन्टन कोर्ट पर 28 एवं 29 अक्टूबर 2025 को सुबह 9 बजे से दोनों वर्ग टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। अतः संयंत्रकर्मियों के पाल्य बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं वे 25 अक्टूबर 2025 तक निम्न चयनकर्ताओं प्रवीण उपाध्याय तथा विजय भानु के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। यह प्रतियोगिता प्लास्टिक शटल कॉक से खेली जायेगी। इच्छुक प्रतिभागी अपने साथ अपना फेदर शटल कॉक लेकर आ सकते है।

दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चों के जगराता ने किया मंत्रमुग्ध

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलगांव स्थित जय सहाड़ा देव लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा माता लक्ष्मी पंडाल में सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन दुर्ग के दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चों के लिए विशेष जगराता आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने माता की प्रतिमा और पंडाल की सजावट को छूकर महसूस किया और माता की महिमा को गाया जोहर जोहर पचरा गीत और राउत नाचा जैसे गीतों ने ग्राम वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस पर ग्रामवासियों ने कहा ऐसी प्रतिभा नेत्रहीन बच्चों की कही नहीं देखी। सुरधारा म्यूजिकल अध्यक्ष ज्योति ध्रुव की कार्यशैली ऐसे बच्चों के लिए सराहनीय है। जिन्होंने ऐसे बच्चों को काबिल बनाया। इस दौरान सचिव उमेश यादव, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता और संस्था विशेष सलाहकार राजू ऊके और सपना साहू उपस्थित रहे। नेत्रहीन बच्चों में विवेक यादव, लेमन बोरकर, आयुष गुप्ता, लोचन कुमार, तारा सहारे, विश्वकांत साहू प्रियांशु साहू, नन्हे कलाकार रुचि, हिमांशु, कनिष्का और रचित उपस्थित थे। उपस्थितजनों कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में दिव्यांगों के प्रति जागरूकता और सहानुभूति बढ़ती है और हमें उनके साथ सहयोग करने प्रेरित करता है। समिति पदाधिकारी गणों में विनोद निषाद, कैलाश यादव, रूपेश निषाद, आकाश यादव, हेमंत निषाद, किशोर निषाद उपस्थित रहे।

अपात्र हितग्राहियों से दावा आपत्ति आमंत्रित

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार पीएम आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिले की स्थायी प्रतीक्षा सूची, आवास प्लस की सूची व मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की सूची के ऐसे हितग्राहियों जो विभिन्न कारणों से अपात्र हैं तथा जिन्हें योजना के नियमानुसार लाभान्वित किया जाना संभव नहीं है, उनकी सूची संबंधित ग्राम सभा तथा जिला स्तरीय अपीलीय समिति से अनुमोदन पश्चात् विलोपित किया जाना है। जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत 2615 अपात्र हितग्राहियों की सूची का संबंधित ग्रामसभा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन उपरांत जिला स्तरीय अपीलीय समिति के अनुमोदन प्राप्त करते हुए दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन किया जा रहा है। दावा आपत्ति प्रस्तुत करने अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

स्वच्छता ही सेवा... अभियान के तहत टीए बिल्डिंग परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान आयोजित

स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता : उत्पल

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र में जारी (स्वच्छता ही सेवा) अभियान के अंतर्गत टीए बिल्डिंग परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी कार्मिकों ने एकजुट होकर श्रमदान किया और परिसर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं एवं निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व उत्पल दत्ता ने किया। इस दौरान उन्होने कहा कि स्वच्छता को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जन जागरूकता बढ़ाने में महाप्रबंधक टीएसडी जन स्वास्थ्य विभाग के के यादव की भूमिका की सराहना की और कहा कि स्वच्छता का यह महायज्ञ तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक इसमें अपनी भागीदारी निभाए।

अभियान के दौरान जन स्वास्थ्य विभाग के अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान एसएलआरएम सेंटर नेवई द्वारा कचरे से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले ऑर्गेनिक खाद का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

इस पहल का उद्देश्य स्रोत.स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को बढ़ावा देना तथा बागवानी प्रेमियों को पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान करना था।

इस वृहद स्वच्छता अभियान की परिकल्पना एवं संचालन जन स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक टीएसडी.पीएचडी केके यादव द्वारा किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई, कचरा पृथक्करण, वृक्षारोपण और जन.जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक टीएसडी राघवेंद्र गर्ग, वाईके साहू, सहायक महाप्रबंधक एचआर जया रॉय, सहायक महाप्रबंधक पीएचडी रमेश गुप्ता, उप प्रबंधक पीएचडी मिलिंद कुमार बंसोड व विवेक मिश्रा, सहायक प्रबंधक स्वर्ण लता साहू, देवानंद चौहान, इंस्पेक्टर नागराजू, जीतेन्द्र वर्मा, प्रकाश बंछोड़, सुभास चंद्र महाराणा, वीसी लहरे, नीना मलिक, शिखा ताम्रकार, ए सुजाता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सामग्री प्रबंधन विभाग में विक्रेता मिलन समारोह

सतर्कता जागरूकता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा सतर्कता विभाग के सहयोग से विक्रेताओं के लिए संवादात्मक मिलन समारोह का आयोजन इस्पात भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रतिभागियों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण से हुई। उपस्थित अधिकारियों और विक्रेताओं ने अपने सभी लेन-देन में निष्पक्षता और नैतिकता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन एके चक्रवर्ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक सतर्कता व एसीवीओ सुनील सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

तिरगा-सिलोदा में धूमधाम से मना मातर महोत्सव

- **विधायक ललित चंद्राकर ने की भगवान श्रीकृष्ण की पूजा**

दुर्ग/नवप्रदेश। ग्राम तिरगा-सिलोदा में मातर महोत्सव का आयोजन पारंपरिक उत्साह और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। मातर महोत्सव के दौरान यादव समाज के लोग अपने घरों से काछन निकालकर दइहान पहुंचे और खोड़हर देव की पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने अखाड़ा कला और दांड़ खेलकर शौर्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में गौधन को सोहई बांधने की पारंपरिक विधि पूरी की गई और प्रसादी के रूप में खीर और दूध का वितरण किया गया। इस मौके पर 8वीं, 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया। विधायक ललित ने कहा कि मातर महोत्सव हमें भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, प्रेम और शिक्षाओं का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज को श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपनाते हुए भक्ति, कर्म और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य नंदू साहू, जिला मंत्री गिरेश साहू, पूर्व केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जनपद सदस्य दामिनी साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, सरपंच धसिया राम, मुकेश बेलचंदन, भूपेंद्र बेलचंदन, नंदू निर्मलकर, सुरेंद्र बेलचंदन, सुखदेव देवांगन, नारायण साहू, चमन यादव, श्वेता राजपूत, बुधराम यादव, प्रकाश निषाद, जीवन यादव उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

नीट एसएस परीक्षा 27-28 दिसंबर को ली जाएगी

महासमुंद/नवप्रदेश। एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट एसएस के शेड्यूल में बदलाव किया है। सुपर स्पेशियलिटी ब्रांच में दाखिले के लिए यह परीक्षा अब 27 और 28 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 9 से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक होगी।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया छठ घाट का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शुक्रवार को भटगांव के दुर्गा मंदिर के समीप स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे किए जाएं ताकि छठ महापर्व शांति, सौहार्द और श्रद्धा के साथ संपन्न हो सके।

मंत्री राजवाड़े ने घाट की साफ-सफाई, जल स्तर, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और आवागमन की सुगमता का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि घाट पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, साउंड सिस्टम और शुद्ध पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में महिला सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति का अत्यंत पवित्र पर्व है, जो सूर्य उपासना और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। इस पर्व में महिलाएं निर्जला उपवास रखकर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करती हैं। अत: इस आयोजन में स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

कन्हैया लाल बैद का निधन

रायपुर. जैन समाज के प्रतिष्ठित बैद परिवार के कन्हैया लाल जी बैद, आयु 92 वर्ष, का स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे, उनके निवास स्थान चौबे कॉलोनी, रायपुर से मारवाड़ी श्मशान घाट जाएगी। शोकाकुल- अनुपचंद, राजकुमार, डॉ. पारस, नवरतन, सुनील, संतोष, प्रफुल्ल एवं समस्त बैद परिवार।

स्कूल भवनों का निर्माण, डिजिटल शिक्षा सामग्री का विस्तार और शिक्षक प्रशिक्षण शामिल

5000 शिक्षक भर्ती को मंजूरी, शिक्षा व्यवस्था होगी सुदृढ़

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वित्त विभाग ने 5000 शिक्षकों की भर्ती के लिए सहमति प्रदान कर दी है, जो मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप है। इस निर्णय से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार होगा, खासकर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा राज्य की प्रगति की नींव है। यह भर्ती न केवल शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी। उन्होंने इसे 'नए छत्तीसगढ़' के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। शिक्षा विभाग जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी दूर होगी और शिक्षण की निरंतरता सुनिश्चित होगी।

पिछले कुछ महीनों में सरकार ने शिक्षा सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें स्कूल भवनों का निर्माण, डिजिटल शिक्षा सामग्री का विस्तार और शिक्षक प्रशिक्षण शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विषयवार शिक्षकों की कमी लंबे समय से चुनौती रही है। यह भर्ती इस कमी को दूर करेगी, जिससे बच्चे अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। यह कदम शिक्षण स्तर को राष्ट्रीय औसत के समकक्ष लाने में भी सहायक होगा। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि शिक्षा में निवेश भविष्य में निवेश है। यह निर्णय वित्तीय अनुशासन के साथ शिक्षा को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार स्कूल इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, छात्रवृत्ति और मध्याह्न भोजन योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने पर केंद्रित है। यह भर्ती 'विकसित छत्तीसगढ़' के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शिक्षा प्रणाली को नई ऊर्जा देगा और युवाओं के लिए अवसर खोलेगा।

सीएम ने लिया राज्योत्सव तैयारियों का जायजा
देश का पहला डिजिटल संग्रहालय होगा लोकार्पित

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर में बन रहे शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह-संग्रहालय का लोकार्पण आगामी राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यह देश का पहला डिजिटल संग्रहालय होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के 14 विद्रोहों, जंगल सत्याग्रह और झंडा सत्याग्रह के जीवंत प्रदर्शन के लिए जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालय में ऑडियो-विजुअल और डिजिटल तकनीक का उपयोग होगा, ताकि आगंतुक आदिवासियों के शौर्य और बलिदान से परिचित हो सकें। यह संग्रहालय नई पीढ़ियों को पुरखों की गौरव गाथा से जोड़ेगा और सभी वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम है, जो छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को समर्पित है। उन्होंने डिजिटलीकरण, पार्किंग, सॉवेनियर शॉप, गार्डनिंग और जलापूर्ति जैसी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

संग्रहालय में वीएफएक्स और प्रोजेक्शन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। 16 गैलरियों में हल्बा, सरगुजा, भोपालपट्टनम, परलकोट, तारापुर, लिंगागिरी, कोई, मुरिया, भूमकाल, सोनाखान जैसे विद्रोहों के दृश्य प्रदर्शित होंगे। आगंतुक डिजिटल बोर्ड और मोबाइल स्कैनर के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव विकासशील सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

ननि में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए कार्यशाला आयोजित

■ **योजना का लाभ लेने अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई जानकारी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद सर्वश्री कमलेश बंधे, संदीप बघेल, सतीश साहू व चन्द्रकृत साहू की उपस्थिति मे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के समबन्ध मे अधिकारियो व कर्मचारियो के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला मे आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली की खपत के अनुसार सोलर पैनल लगाना है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियो से कहा कि बिजली खर्च के बचने अपने घर में सोलर पेनल जरूर लगावे और अपने लोगो को भी प्रेरित करे इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, नियम-शर्तें विद्युत विभाग द्वारा दी जावेगी एवं निगम में आवेदन जमा कराया जायेगा।

विजय शर्मा ने पुनर्वास केंद्र में सुविधाओं की ली समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर के सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास केंद्र में दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनर्वास केंद्र में रह रहे नक्सलियों की बुनियादी जरूरतों, जैसे नाश्ता, भोजन, वस्त्र, खेलकूद सामग्री, योगाभ्यास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से नियमित संवाद की व्यवस्था करने को कहा।

उपमुख्यमंत्री ने कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को उनकी रुचि और योग्यता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वे मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं, परिजनों से मिलने की व्यवस्था और जेल में बंद परिवारजनों से मुलाकात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी पुनर्वासित व्यक्तियों को रायपुर भ्रमण (एक्सपोज़र विज़िट) पर ले जाने और समाज से जोड़ने की बात कही। साथ ही, प्रत्येक व्यक्ति को नि:शुल्क मोबाइल फोन उपलब्ध कराकर परिवार से नियमित संपर्क बनाए रखने में सहयोग करने को कहा। बैठक में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

9 नए नर्सिंग कॉलेजों के लिए 78.15 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए राज्य सरकार ने 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 78 करोड़ 15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय छत्तीसगढ़ में नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देगा और स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन तैयार करेगा।

प्रत्येक कॉलेज के लिए 8 करोड़ 68 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। ये कॉलेज दंतेवाड़ा, बैकुंठपुर, बीजापुर, बलरामपुर, जशपुर, रायगढ़, धमतरी, जांजगीर-चांपा और नवा रायपुर (अटल नगर) में स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कॉलेजों से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा मिलेगी और प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कुशल पेशेवर तैयार होंगे। यह पहल स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर बढ़ाएगी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।

बेटी है तो कल है के नाम से रोशन हुई जगन्नाथपुर में दिवाली

बालोद/नवप्रदेश। जगन्नाथपुर के यादव परिवार द्वारा बेटी- बेटा के बीच होने वाले भेदभाव को दूर करने के उद्देश्य से बेटी,बेटा में समानता को बढ़ावा देने और ÷बेटी है तो कल है ÷ थीम पर हर साल दिवाली मनाई जाती है। इस क्रम में लगातार सातवें साल यादव परिवार द्वारा ग्राम वासियों को पांच-पांच मिट्टी के दीपक वितरित किए गए थे। यह पांच मिट्टी के दीपक दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजन के बाद आंगन में रंगोली सजाकर बेटियों के नाम से जलाए गए। बेटी है तो कल है के नारे के साथ यहां ग्रामीणों ने दिवाली मनाई। यादव परिवार द्वारालोगों को दिए गए 5-5 मिट्टी के दीपक आंगन में रंगोली सजाकर जलाए गए। तो वहीं परिवार द्वारा आंगन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए रंगोली सजाकर बेटियों के नाम से दीप जलाए गए। ज्ञात हो कि यादव परिवार में 2019 में जब 14 जून को बिटिया वैष्णवी का जन्म हुआ तो घर वाले काफी खुश हुए और बेटी को लक्ष्मी स्वरूप मानकर अस्पताल से घर आने पर बेटी की पूजा कर गृह प्रवेश कराया गया था। तब से माता-पिता ने निर्णय लिया कि उनका हर उत्सव बेटी को समर्पित होगा और फिर दिवाली से ÷बेटी है तो कल है।

सिंघोला में 56 भोग महाप्रसादी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

विभिन्न शहरों से पहुंचे भक्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महाकाल मंदिर सिंघोला में बुधवार 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित 56 भोग महाप्रसादी में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 11.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक चले इस भव्य आयोजन में लगभग 2500 से अधिक महाकाल भक्तों ने प्रसादी पाई।

56 भोग का दिव्य अर्पण

कार्यक्रम में महाकाल को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। मंदिर परिसर में भक्ति और आनंद का वातावरण रहा। भोग प्रसादी में मूंग, चांवल, कढ़ी, मिक्स सब्जी, पुड़ी और मिठाई में मालपुआ, गुलाब जामुन सहित विविध व्यंजन परोसे गए, जिसकी सभी भक्तों ने सराहना की।

विभिन्न शहरों से पहुंचे भक्त

इस अवसर पर राजनांदगांव के अलावा रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव सहित नागपुर (महाराष्ट्र) से भी बड़ी संख्या में भक्त पधारे थे। भक्तों ने महाकाल की आराधना कर आस्था और भक्ति का अनुभव किया।

महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि यह आयोजन भक्तों की सामूहिक आस्था का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से ऐसे धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होने पर आभार व्यक्त किया। आगे कहा कि धार्मिक आयोजनों में भागीदारी से समाज में एकता, अनुशासन और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होती है। इस आयोजन ने न केवल भक्ति का वातावरण बनाया, बल्कि परंपरा और संस्कृति के संरक्षण का भी संदेश दिया।

अवैध कब्जे पर सख्ती बरतेगा निगम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सृष्टि कॉलोनी में चल रहे अवैध निर्माण और कब्जे को लेकर कॉलोनीवासियों का प्रतिनिधिमंडल महापौर मधुसूदन यादव से मिला। कॉलोनीवासियों ने महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कुछ लोगों द्वारा कॉलोनी की सड़कों, सरकारी भूमि और सार्वजनिक उपयोग की जगहों पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल व निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि इन अवैध कब्जों के चलते मुख्य सड़क संकरी हो गई है। स्कूल बसों का आना-जाना मुश्किल हो गया है और कॉलोनी के गार्डन व खेल मैदान पर अतिक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है।

भाजपा सरकार में प्रशासनिक आईडी हैक कर करोड़ों की जमीन हड़पने का मामला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की गंभीर लापरवाही के चलते महेंद्र जैन नामक व्यक्ति की करोड़ों रुपये की जमीन फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम पर दर्ज कर दी गई। प्रशासन का कहना है कि संबंधित पटवारी की आईडी हैक कर यह धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली है, लेकिन पिछले छह महीनों से जांच के नाम पर कार्रवाई टाली जा रही है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने इस मामले में सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण एक आम नागरिक की जमीन छीन ली गई है। यदि वाकई आईडी हैक की जा सकती है, तो कलेक्टर परिसर की जमीन भी भूमाफियाओं के नाम कर दी जाए, यह सवाल उन्होंने उठाया। द्विवेदी ने आगे कहा कि आरोपी के घर भाजपा के नेता के पुत्र भोजन करते हैं यही इस पूरे खेल की जड़ है।

पेज 1 का शेष

कनाडा के विज्ञापन पर...

ऑडियो क्लिप का इस्तेमाल करके कनाडा ने जो विज्ञापन निकाला, उसमें ट्रंप के टैरिफका विरोध है।

राजद ने बिहार को ...

लटक दल है, पटक दल है, भटक दल है। ये लोग कैमरे के सामने आकर भले कुछ भी बोल लें।

राजद पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों ने जेएमएम को पटक दिया। लेफ्ट के दल को लटका दिया। राजद को बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार बताते हुए कहा कि ये कोर्ट से जमानत पर बाहर हैं। कांग्रेस की भी यही स्थिति है। बिहार ऐसे लोगों पर भरोसा नहीं करता है।

कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस आज बिहार में राजद की पिछलग्गू है। उन्होंने बेगूसराय में लोगों से मोबाइल फोन निकालकर लाइट जलाने को कहा और फिर कहा कि जब लाइट है, तो लालटेन की क्या जरूरत है?

पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में लालू राज के दौरान जंगलराज था, लोग शाम को बाहर आने से डरते थे। लेकिन जब 2005 में बिहार में एनडीए सरकार आई, तो बिहार में सुशासन की सरकार आई। आज बिहार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नक्सलवाद समाप्त करने की भी बात कही।

भारत की सैन्य शक्ति और ...

आह्वान किया कि वे दुश्मनों को कभी कम न आंकें और हर समय सतर्क एवं तैयार रहें।

रक्षा मंत्री ने सेना के कमांडरों से डिफेंस डिप्लोमेसी, आत्मनिर्भरता, सूचना युद्ध, रक्षा अवसंरचना और बल आधुनिकीकरण पर लगातार ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता भविष्य के लिए तैयार सेना बनाने की है। उन्होंने सैनिकों के साहस और अनुशासन की सराहना की और भरोसा दिलाया कि सरकार आधुनिक तकनीक, इन्फ्रास्ट्रक्चर और आवश्यक संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद की स्थिति पर कहा, ''आज जम्मू-कश्मीर की गलियों में अशांति नहीं, उम्मीद दिखाई देती है। लोग अपने भविष्य के प्रति आत्मविश्वास से भरे हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अब निर्णय लेने की शक्ति स्थानीय लोगों के हाथों में है। भारतीय सेना ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कॉन्फ्रेंस के दौरान रक्षा मंत्री ने कई टेक्नोलॉजी आधारित परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने लोंगेवाला में 1971 के युद्ध के वीर योद्धाओं को सम्मानित किया। उन्होंने 'चांदपुरी हॉल' का उद्घाटन किया। यह ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह चांदपुरी की स्मृति में निर्मित एक ऑडियो-वीडियो कक्ष है, जिन्होंने 1971 के युद्ध में वीरता का परिचय दिया था।

भटगांव के श्री मानस चौक 36 वां वर्ष भव्य मां काली उत्सव का किया जा रहा आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव के श्री मानस चौक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मां काली उत्सव का आयोजन किया गया है यह वर्ष 36 वां वर्ष है इस मां काली उत्सव में मां काली मुर्ति स्थापना कर मां काली की पुजा अर्चना करते हुए 9 दिनों तक मां सेवा भक्ति करते हैं जहां रात्रि को जसगीत गायन, भजन, कीर्तन का कार्यक्रम होते हैं रात्रि में विभिन्न क्षेत्रों से आए जसगीत मंडली जसगीत के दौरान झांझ ,मंजीरा, मांदर की थाप से पुरा बस्ती गुंजायमान रहता है दिपावली पर्व होने पर क्षेत्रों के लोगों का माता काली की दर्शन करने आना-जाना लगा रहता है मानो पुरा नगर भक्तिभय बना है ।और क्षेत्र क्षेत्र के गायन मंडलियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम का आनंद उठाते हुए पुन्य के भागी बन रहें हैं। इस कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार भी रखा गया है जो अच्छे कार्यक्रम मां काली उत्सव के दौरान प्रस्तुत किया जाता है । उन्हें कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 15001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 11001ऊपये, तृतीय पुरस्कार ?7101 ? दिया जएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम कर्रे- अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव , मुख्य अतिथि समापन- प्रकाश कुर्रे चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष - प्रदीप देवांगन, नर्सिंग हिरवानी(गुरुजी) एवं समस्त पार्षदगढ़ नगर पंचायत भटगांव मां काली उत्सव कार्यक्रम के पदाधिकारीगढ़ संरक्षक जीवन रात्रे, अध्यक्ष- महेश राम हिरवानी, उपाध्यक्ष- लक्ष्मी बघेल, कोषाध्यक्ष- गौरीशंकर सोनवानी, सचिव- धरम टंडन, सहसचिव -किसन टंडन, माइक सचालक -भुवनेश्वर नारंग, टाईगर कुर्रे है

साय सरकार के 2 साल बाद भी 'मोदी की गारंटी' नहीं हुई पूरी : विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। छग शासन के पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार को 2 वर्ष होने को है, इन दो वर्षों में सरकार ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया, जिससे प्रदेशवासियों के जीवन में बदलाव आए। राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है।

कानून-व्यवस्था, गरीब, किसान, दलित और आदिवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, और इसके लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने घोषणा पत्र में सरकार बनने के तुरंत बाद 57 हजार रिक्त पदों पर तथा 2 साल के भीतर 1 लाख खाली पदों पर भर्ती करने का संकल्प मोदी की गारंटी के तहत लिया था।

न्यूज गैलरी

भाई दूज पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधे

नगरी/नवप्रदेश। भाई-बहन के स्नेह, प्रेम और समर्पण का पर्व भाई दूज नगर में में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर उन्हें खिलाया। वहीं,भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिए। बहनों ने अपने भाइयों की दीर्घायु की कामना माँ दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर की। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि भाई दूज का पर्व यमराज और यमुना से जुड़ा है। कथा के अनुसार, यमुना ने अपने भाई यमराज को बार-बार अपने घर भोजन के लिए आमंत्रित किया,

कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को जब बहन यमुना ने यमराज को पुनः बुलाया, तब यमराज अपने बहन के घर गए। यमुना ने उनका स्वागत किया, तिलक लगाया और उन्हें विविध प्रकार का भोजन कराया। यमराज अपनी बहन के प्रेम से इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने वरदान देने को कहा। यमुना ने वरदान माँगा कि इस दिन जो भी भाई अपनी बहन के घर जाकर भोजन करेगा, उसकी आयु दीर्घ होगी।

तभी से इस दिन भाई अपनी बहनों के घर जाकर तिलक लगवाते हैं और प्रेमपूर्वक भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। नगर सहित पूरे क्षेत्र में इस पर्व को बड़े ही पारंपरिक और श्रद्धापूर्ण माहौल में मनाया गय।

भव्य मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा में विधा-वार सभी विषयों के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें प्राइमरी, मिडिल, हाई एवम हायर सेकंडरी कक्षा के सभी छात्रों के विभिन्न विषयों के मॉडल के साथ प्रेजेंटेशन दिया। प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि विगत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी विज्ञान, कॉमर्स, गणित एवम सामाजिक विज्ञान की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसमे सभी बच्चों शिक्षकों के मदद एवम ऑनलाइन सर्च कर स्वयं से मॉडल बनाये। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में समस्या समाधान, तार्किक छमता, सृजनात्मकता, एवम किताबी ज्ञान को कर के सीखना, एवम जटिल प्रक्रिया को आसानी से समझाना था।

नहाय-खाय से प्रारंभ होगी छठ पूजा, उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होगा व्रत का पारण

नवापारा राजिम में रायपुर से आये विश्वकर्मा दंपत्ति वृंदावन विश्वकर्मा व लक्ष्मी विश्वकर्मा द्वारा 1965 से नेहरू घाट में शुरुआत की थी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छठ पूजा चार दिनों तक मनाई जाती है, जिसमें प्रत्येक दिन एक विशिष्ट विधि होती है: नहाय-खाय, खरना, डूबते सूर्य को अर्घ्य और उगते सूर्य को अर्घ्य। नहाय-खाय के दिन पवित्र स्नान किया जाता है।

खरना के दिन खीर का भोग लगाया जाता है और निर्जला व्रत शुरू होता है। तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है।

सभी लेते हैं आशीर्वाद

क्षेत्र के सभी दलों के जनप्रतिनिधि, नगर के गणमान्य नागरिक व अन्य समाज के लोग उपस्थित होकर छठ मैया का आशीर्वाद लेते हैं। उक्त जानकारी राकेश विश्वकर्मा ने दी।

नगर में 60 वर्षों से हो रही छठ पूजा

छठ पूजा की शुरुआत नवापारा राजिम में रायपुर से आये विश्वकर्मा दंपत्ति वृंदावन विश्वकर्मा व लक्ष्मी विश्वकर्मा द्वारा 1965 से नेहरू घाट में शुरुआत की थी। जो अभी तक निरंतर विगत 60 वर्षों से चल रही है। धीरे-धीरे भोजपुरिया समाज के लोग जैसे यूपी, बिहार के लोग शामिल होते गए और इसकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ती गई है। आज इसकी संख्या लगभग 100 से 150 लोगों की हो गई। विगत 25 साल से नगर पालिका द्वारा घाट की साफ सफाई में सहयोग प्रदान होते आ रहा है एवं लाइट की व्यवस्था की जाती है।

छठ पूजा विधि के चार विभाग

पहला दिन – नहाय-खाय: व्रती सुबह जल्दी उठकर स्नान करते हैं और स्वच्छ कपड़े पहनते हैं। घर की सफाई की जाती है और लहसुन-प्याज रहित सात्विक भोजन (जैसे लौकी – भात) ग्रहण किया जाता है।

दूसरा दिन – खरना: व्रती इस दिन निर्जला उपवास रखती हैं। शाम को मिट्टी के नए चूल्हे पर गुड़ और चावल की खीर बनाई जाती है। खीर छठी मैया को अर्पित की जाती है और फिर व्रती व परिवार के सदस्य प्रसाद ग्रहण करते हैं।

तीसरा दिन – डूबते सूर्य को अर्घ्य: इस दिन षष्ठी व्रत होता है और व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं। शाम को बांस की टोकरी में प्रसाद, फल और गन्ने के साथ घाट पर जाती हैं। डूबते सूर्य को जल और दूध से अर्घ्य दिया जाता है।

चौथा दिन – उगते सूर्य को अर्घ्य: व्रती सुबह सूर्योदय से पहले घाट पर पहुंचती हैं। उगते सूर्य को जल और दूध से अर्घ्य दिया जाता है। अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया जाता है।

10 किमी पैदल रैली निकाल मैनपुर पहुंचे ग्रामीणों ने कहा –शिकायत सीएम साय से करेंगे

सैकड़ों ग्रामीणों ने रैली निकाल जनपद कार्यालय मैनपुर का किया घेराव

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है केंद्र के नरेंद्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार के महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए रेत लाने के दौरान ग्रामीणों के ट्रैक्टर को पकड़े जाने से नराज जनपद सदस्य सुखचंद ध्रुव के नेतृत्व में सैकड़ो आक्रोशित ग्रामीणों ने झरियाबहरा ,बोईरगांव ,बरदुला, पथर्री ,ठेमली 10 किलोमीटर दूर से पैदल जंगी रैली निकाल नारेबाजी करते मैनपुर नगर पहुंचे और जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव कर दिए इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए रेत देने की मांग किया साथ ही जो ट्रैक्टर पकड़ा गया है उसे तत्काल छोड़ने की मांग करते हुए पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा को ज्ञापन सौंपा और इस मामले की शिकायत 02 दिन के भीतर रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से करने की बात कही है।

ग्रामीणों ने बताया जन मन और पीएम आवास निर्माण के लिए रेत ले ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर को मैनपुर एसडीएम ने पकड़ लिया है कई बार ट्रैक्टर छोड़ने की मांग कर चुके हैं लेकिन ट्रैक्टर को नहीं छोड़ा जा रहा है ऐसे में ग्रामीण अब प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दिया है साथ ही भड़के ग्रामीणों ने पदयात्रा निकाल जनपद कार्यालय के समक्ष कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।कहा रेत की व्यवस्था करे या फिर मकान बनवा के दिया जाए।पदयात्रा में ग्रामीण मैनपुर एसडीएम के खिलाफनारेबाजी किया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उनके पंचायत के 7 आश्रित ग्राम में जनमन पीएम आवास योजना के तहत 344 आवास का निर्माण किया जा रहा है। ट्रॉईवल ब्लॉक में रेत का कोई भी वैध खदान नहीं है। ऐसे में ग्रामीण समीपस्त नदी नाले से रेत को आपूर्ति करते हैं।आरोप लगाया है कि वाहन छोड़ने के लिए 10 हजार की मांग किया जा रहा है नहीं देने पर कार्यवाही कर फाइल खनिज विभाग भेजना बताया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर से कहा है कि उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत मंजूर आवास निर्माण के लिए या तो रेत दिलाया जाए या आवास पूर्ण करके दिया जाए।

ग्रामीण मैनपुर एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी

मैनपुर जनपद क्षेत्र के बोईरगांव पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिल पदयात्रा निकाल 10 किमी पैदल चल मैनपुर जनपद कार्यालय पहुंच रहे हैं।बैनर लेकर निकले ग्रामीण मैनपुर एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।दरअसल बोइरगांव पंचायत के आवास निर्माण के लिए रेत ढुलाई में लगे दो ट्रेक्टर को जप्त कर लिया।इसी बात से नाराज ग्रामीणों ने पदयात्रा निकाल रेत की व्यवस्था करे ट्रेक्टर को छोड़ने या फिर आवास निर्माण कर देने की मांग का जिक्र कर कलेक्टर के नाम जनपद में ज्ञापन सौंपा है।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को बताया गया पीएम सूर्यघर योजना के लाभ

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विद्युत संभाग भाटापारा द्वारा गुरुवार को जनपद पंचायत कार्यालय भाटापारा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीएसपीडीसीएल के अधिकारी

क्षेत्र के राइस मिलर्स, वेंडर्स, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही शामिल हुए। कार्यशाला में अधिकारियों के द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के फायदे, सोलर पैनल इंस्टालेशन, सरकार द्वारा सब्सिडी, वेंडर की सूची, ऋण प्रावधान आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुछ हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किये।लाभान्वित हितग्राही अनिल अग्रवाल एवं भुवन सिंह ठाकुर ने बताया क़ि योजना के तहत सोलर पैनल लगाने से बहुत फायदा मिला हैं।पूर्व में घर का विद्युत देयक 1500 से 2000 रुपये तक आता था जो कि घटकर वर्तमान में 300 रुपये तक आता है। साथ ही इस बात की संतुष्टि है कि इस योजना से पर्यावरण का संरक्षण भी सहभागिता हो रही हैं क्योंकि इससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता है.

कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता व्ही.के.राठिया, सहायक अभियंता वासुदेव साहू,अवैलशन खेस, एल. एन. कँवर, कनिष्ठ अभियंता मुकेश देवांगन,अभिषेक साहू, जयनारायण साहू, मनोज साहू, सौरभ देवांगन, भोला प्रसाद साकेत, पुनीत शुक्ला,जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा, खेल से होता है व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास :मरकाम

■ **क्रीड़ा प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उल्लासपूर्वक मनाया गया दीपोत्सव**

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गिधावा में दीपावली के पावन अवसर पर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दीपोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर दो दिवसीय डे-नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें अंचल की अनेक टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों के बीच गट्टासिल्ली की टीम ने प्रथम स्थान तथा बम्हनीनभरी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी के कृषि सभापति पन्नालाल मरकाम ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा खेल व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम है। खेल भावना से जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। युवाओं को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत गिधावा की सरपंच शकुंतला ठाकुर ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कोमल सिंह मरकाम (उपसरपंच), प्रवीर ठाकुर (पूर्व सरपंच), छबि ठाकुर (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), गणेश राम साहू (वरिष्ठ नागरिक), गुहरु राम सहारे, रोहिदास कोर्राम, डिकेशवरी साहू (रोजगार सहायक), वार्ड पंच लच्छतीन साहू, वेदिका सिन्हा, विष्णु राम यादव, पवन ठाकुर, हिला कुंजाम, भूषण नेताम सहित ग्राम के समस्त कर्मचारी, समिति पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन पोखराज साहरे द्वारा सराहनीय ढंग से किया गया। जिसमे रात्रि में आयोजित डी.जे. डांस प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर दीपावली पर्व की शोभा बढ़ा दी।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा क्षेत्र में एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि तीन युवक नवापारा से अपने गांव चमसूर जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक के सीने में कांच घुस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना बड़ी करेली चौकी क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, चमसूर निवासी ज्ञानचंद निषाद गुरुवार सुबह अपने दो साथियों के साथ नवापारा आए थे। वे सुबह करीब 8 बजे कांच का सामान लेकर अपने गांव चमसूर जा रहे थे, तभी नवापारा-मगरलोड मार्ग पर नवागांव के शीतला मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गिर गए। कांच टूटकर ज्ञानचंद के सीने में जा लगा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद, बाइक चला रहा दूसरा युवक गाड़ी छोड़कर भाग गया। घटना के बाद, ज्ञानचंद को तुरंत नवापारा सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

उमरगांव में दीपावली पर्व धूमधाम से मनी

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव में दिपावली का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व हर्षोल्लास के साथ भाईचारा मनाया जाने वाला त्यौहार है घर से बाहर नौकरी या व्यवसाय के लिए गये रहते हैं वह इस पर्व में घर परिवार के साथ मिलकर बड़े खुशी से झूम जाते हैं और गांव के यार दोस्तों से मिलकर पुरानी यादों को ताजा कर लेते हैं।

दिपावली का पर्व छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक बड़े ही खुशी जाहिर करते हैं लक्ष्मी पूजा के दिन हर घरों के सामने में सुन्दर सुन्दर रंगोली बनाई जाती है घरों को आकर्षक झालर लाईटों से सुसाजित किया जाता है। रात्रि में लक्ष्मी पूजा कर फटाके जलाते हैं और गौरा गौरी पुजा अर्चना कर छोटे छोटे बच्चे कलश लेकर गौरा चौक में महिलाओं द्वारा गौरा गीत के माध्यम से मनाया जाता हैं। दुसरे दिन घरों में गाय बैल को खिचड़ी खिलाया जाता है फिर गोवर्धन चौक में गांव के माता पुजारी द्वारा गोवर्धन पूजा कर बछिया को खिचड़ी खिलाया और गांव के भाई चारे के साथ गोबर के तिलक लगाकर दिपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार से सुवा गीत, छत्तीसगढ़ी गीत एवं अनेक गानों पर मनमोहित कर दिया।

रामविचार नेताम ने तुमड़ीबहार में गौशाला का किया निरीक्षण

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी, जिले में प्रदेश के कृषि विकास एवं कृषि कल्याण तथा आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर धमतरी जिले के ग्राम तुमड़ीबहार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अंगारमोती माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री नेताम ने गौपालन, पशु चिकित्सा सुविधा, चारा प्रबंधन और जैविक उत्पाद निर्माण जैसी गतिविधियों का अवलोकन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक ने मंत्री को बताया कि गौशाला में गायों की समुचित देखभाल के साथ-साथ गोबर एवं गौमूत्र से जैविक खाद, दीया, धूपबत्ती और अन्य ग्राम-आधारित वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है। इन उत्पादों के माध्यम से ग्रामवासियों को रोजगार और अतिरिक्त आमदनी के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

कार्रवाई का नाटक ... | **छुरा जनपद पंचायत में अवमानना का बड़ा मामला, जनप्रतिनिधियों में नाराज़गी, जिला प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल**

पुनेश्वर सेन की बहाली आदेश को सीईओ चंद्रवंशी ने दबाकर रखा

■ **नवप्रदेश में प्रकाशित खबर के बाद हरकत में आए प्रभारी सीईओ सतीश चन्द्रवंशी**

छुरा/ नवप्रदेश। छुरा जनपद पंचायत प्रशासन में पिछले आठ माह से चल रहा विवाद आखिरकार मीडिया रिपोर्ट के बाद सुर्खियों में आ गया है। मामला इतना गंभीर है कि इसमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना तक कर दी गई। लेकिन जब नवप्रदेश में खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई तो आनन-फानन में प्रभारी सीईओ सतीश चन्द्रवंशी ने हाईकोर्ट का सम्मान करते हुए कार्रवाई का नाटक रच डाला। मामला दरअसल जनपद पंचायत छुरा के सहायक ग्रेड-III पद से जुड़ा है। इस पद पर पहले पुनेश्वर सेन कार्यरत थे। लेकिन एक अक्टूबर 2024 को सामान्य प्रशासन सभा की बैठक में अचंभित करने वाला निर्णय लिया गया — नागेश साहू को सहायक ग्रेड-III के रूप में नियुक्त कर दिया गया और पुनेश्वर सेन को सेवा से मुक्त करने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, प्रभारी सीईओ, एडीईओ , नागेश साहू मौजूद थे।

बताया गया कि इस बैठक में नागेश साहू द्वारा जनपद पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया और कुकदा बांध के अतिथि गृह में हुई इस सभा में निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। इसके बाद 25 अक्टूबर 2024 को पुनेश्वर सेन को औपचारिक रूप से सेवा मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया।

हाईकोर्ट का दखल

पुनेश्वर सेन ने इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में याचिका दायर की। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए साफ कहा कि नागेश साहू की नियुक्ति अवैधानिक है तथा पुनेश्वर सेन को पुन: उनके पद पर बहाल किया जाए। हाईकोर्ट का यह आदेश लगभग आठ माह पूर्व जारी हुआ था, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि प्रभारी सीईओ सतीश चन्द्रवंशी ने इतने लंबे समय तक आदेश को लागू नहीं किया, और न ही जनपद सदस्यों या जनप्रतिनिधियों को न्यायालय के आदेश की जानकारी दी गई।

प्रशासन की चुप्पी से बढ़ी शंका

जिला प्रशासन की चुप्पी ने भी इस पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, सतीष चन्द्रवंशी के विरुद्ध कार्रवाई न होने से यह संकेत मिल रहा है कि या तो उन्हें संरक्षण प्राप्त है या फिर अधिकारी-जनप्रतिनिधि गठजोड़ की बू इस पूरे मामले से आ रही है।

अब खुद फंसे प्रभारी सीईओ

जानकारी के अनुसार, प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी के खिलाफ अवमानना याचिका अब हाईकोर्ट बिलासपुर में दाखिल की गई है। इस याचिका में जिला स्तर के एक अधिकारी को भी पार्टी बनाया गया है। इससे यह साफहै कि अब मामला केवल जनपद तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी जवाबदेही तय करनी पड़ेगी।

सीईओ से संपर्क की कोशिश बेअसर : जब इस मामले पर सतीष चन्द्रवंशी का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर टेक्स्ट और व्हाट्सएप संदेश भेजे गए, तो कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

प्रशासनिक व्यवस्था की उड़ाई धज्जियां

सूत्र बताते हैं कि प्रभारी सीईओ सतीश चन्द्रवंशी द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को दबाकर रखा गया, जिससे न केवल प्रशासनिक व्यवस्था की धज्जियां उड़ीं बल्कि जनपद पंचायत को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। कई जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि सीईओ का रवैया मनमाना और गैर-जवाबदेह हो चुका है। उच्च न्यायालय के आदेश को आठ महीने तक दबाए रखना न्यायालय की सीधी अवमानना है, जिसके लिए सतीष चन्द्रवंशी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। नवप्रदेश में प्रकाशित खबर के बाद आनन-फानन में नागेश साहू को सेवा से मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। जनपद के सदस्यों ने सवाल उठाया कि जब न्यायालय ने नागेश साहू की नियुक्ति अवैधानिक क़रार दिया तो प्रभारी सीईओ ने उसे जनपद की सामान्य सभा के सामने क्यों नहीं रखा ? जनपद के भीतर अब गहरी नाराजगी है और सदस्य मांग कर रहे हैं कि इस मामले में सतीष चन्द्रवंशी से हुए नुकसान की वसूली उनके वेतन से की जाए।

जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में 2 नवम्बर को होगा तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन

- कलेक्टर ने राज्योत्सव आयोजन के लिए विभागों को सौंपे दायित्व
- 5 दिवस तक सभी शासकीय कार्यालयों एवं भवनों में की जाएगी रोशनी

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में 2 नवम्बर से 04 नवम्बर 2025 तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन स्थानीय गांधी मैदान में किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। तीन दिवसीय राज्योत्सव में विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी के माध्यम से शासन के रजत जयंती वर्ष के उपलब्धियों को प्रदर्शित करने कहा। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों को प्रदर्शनी के अवलोकन भी कराने के निर्देश दिए, जिससे कि प्रदर्शनी के बारे में विद्यार्थियों जानकारी मिल सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित थे।

कलेक्टर उइने ने जिला प्रमुख अधिकारियों को राज्योत्सव आयोजन के संबंध में निर्देश देते हुए संबंधित विभागों को कार्य दायित्व भी सौंपे गए है। उन्होंने 5 दिवस तक सभी शासकीय कार्यालयों एवं शासकीय भवनों में रोशनी करने को कहा है। स्थानीय कलाकारों के द्वारा उक्त दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। जिला स्तरीय राज्योत्सव में जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख विभागों के थीम

आधारित स्टॉल लगाये जायेंगे। महिला समूहों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभागीय अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। जिसके तहत जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर चन्द्राकर को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंद सुश्री हितेश्वरी बाघे को बनाया गया है। पुलिस विभाग द्वारा राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा नगर पालिका गरियाबंद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आयोजन स्थल का साफ-सफाई, पेयजल, टेंकर व्यवस्था, सभी सीईओ और सीएमओ को आमंत्रण पत्र वितरण करने, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने की व्यवस्था, जिला सेनानी नगर सेना का फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, मंच निर्माण, स्टॉल निर्माण, बैरेकेटिंग आदि कार्य पी.डब्ल्यू.डी, जनरेटर, साउंड एवं लाइट, व्यवस्था विद्युत यांत्रिकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं जिला शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा व्यवस्था व एम्बुलेंस, पुष्प एवं सज्जा के लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, विभागीय स्टॉल आबंटन महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार तथा सांख्यिकी विभाग को सौंपा गया है। तहसीलदार एवं सीएमओ गरियाबंद को कार्यक्रम में वीआईपी, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, अधिकारियों एवं महिलाओं के लिए विशेष बैठक व्यवस्था सहित साईन बोर्ड लगाने, खनिज एवं आबकारी विभाग को कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को 02 स्वागत द्वार निर्माण की संपूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही वन विभाग को स्वल्पाहार एवं बांस बल्ली की व्यवस्था तथा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार का दायित्व जनसम्पर्क विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का राज्योत्सव की तैयारी के दायित्व सौंपे गये है। बैठक में एसडीएम श्री हितेश्वरी बाघे, डॉ. तुलसीराम मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

नहरों का जल प्रवाह पूर्ण रूप से बंद किया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। पैरी पिकअप बियर कुकदा से खरीफफसल के लिए 25 जुलाई 2025 से दायी तट नहर व फिंगेश्वर वितरक शाखा नहर के माध्यम से किसानों की मांग अनुसार सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया था। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस. के. बर्मन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी श्री एस के चंदेल, युवराम सिन्हा व एम. के. पांडोरिया, सहायक अभियंता प्रतीक पटेरिया उप अभियंता दुर्गेश सोनकर, विकास ध्रुव, स्थल सहायक नारद सिंह, आशा गुप्ता, सिद्धार्थ देवांगन, जीतेन्द्र के साथ विभागीय मैदानी कर्मचारियों के सहयोग से अंतिम छोरों तक नहरों के माध्यम से पानी पहुंचाया गया। फिंगेश्वर उप संभाग के 13 हजार 712 हेक्टेयर में एवं राजिम उप संभाग के 10 हजार 964 हेक्टेयर व पाण्डुका उप संभाग के 8 हजार 810 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया गया। किसानों के द्वारा अब सिंचाई की आवश्यकता नहीं होने के कारण नहर बंद करने की मांग को देखते हुए 23 अक्टूबर 2025 से नहरों का जल प्रवाह पूर्ण रूप से बंद किया गया है।

दावा-आपत्ति 31 अक्टूबर तक

धमतरी/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत सोरिद वार्ड, जोधापुर वार्ड और हटकेशर वार्ड में पालना घर कार्यकर्ता एवं सहायिका पद की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। परियोजना अधिकारी ने बताया कि मूल्यांकन चयन समिति द्वारा जारी प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक नगरपालिक निगम कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय और संबंधित वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र में चस्पा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टोरेट के पीछे स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय आगामी 31 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

26 अक्टूबर तक समिति स्तरीय शिविर आयोजित

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 तथा वर्ष 2024-25 के एग्रीस्टैक पोर्टल में शेष किसानों के पंजीयन हेतु 26 अक्टूबर तक समिति स्तरीय शिविर आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर ने बताया कि जिले के शत प्रतिशत कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराने 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर समिति स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है, समिति स्तरीय शिविरो में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जाएगा।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों में की जाएगी रोशनी

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय भवनों में आगामी 01 नवम्बर से 05 नवम्बर 2025 तक रोशनी की जाएगी। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालयों में स्थित सभी शासकीय भवनों में रोशनी करने के लिए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने निजी संस्थाओं से भी अपने भवनों में राज्योत्सव के अवसर पर रोशनी करने की अपील की है।राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में 02 नवम्बर से 04 नवम्बर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिला मुख्यालय कांकेर के नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित होगी। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को दायित्व भी सौंपे गए हैं।

राज्यपाल डेका ने दुगली में वनधन विकास केन्द्र का किया अवलोकन

- महिलाओं की आत्मनिर्भरता को सराहा
- वनांचल नगरी ब्लॉक में एलोवेरा, मूसली, आंवला जैसे वनोपजों से 22 उत्पादों का हो रहा निर्माण

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के वनांचल क्षेत्र नगरी विकासखंड के दुगली ग्राम स्थित एमएफपी प्रोसेसिंग सेंटर (वन उत्पादक प्रसंस्करण केन्द्र) प्रदेश में ग्रामीण आजीविका के सशक्तिकरण का उदाहरण बन गया है। इस केन्द्र में एलोवेरा, मूसली, आंवला, शतावर, अर्जुन, तिखुर, माहुल पत्ता जैसे वनोपजों से 22 विविध उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें एलोवेरा से निर्मित शैम्पू, बॉडी वॉश, साबुन, हेयर कंडीशनर, मॉइश्चराइजर, जैल, जूस, मूसली लड्डू, वज्रदंती हर्बल पाउडर, आंवला जूस, कैण्डी, त्रिफला चूर्ण, अश्वगंधा पाउडर, दोना-पत्तल आदि शामिल हैं। इन उत्पादों के निर्माण से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को गांव में ही अतिरिक्त आमदनी का सशक्त साधन प्राप्त हुआ है।

राज्यपाल रमेन डेका ने आज दुगली ग्राम पहुंचकर वनधन विकास केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला समूहों द्वारा एलोवेरा से बनाए जा रहे उत्पादों की प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्रक्रिया को निकट से देखा और उनकी सराहना की। राज्यपाल ने समूहों द्वारा तैयार अन्य उत्पादों का भी अवलोकन किया।

मुख्य वन संरक्षक सतोविशा समाजदार ने राज्यपाल डेका को एलोवेरा जैल निर्माण, तिखुर प्रसंस्करण एवं दोना-पत्तल निर्माण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल सी.आर.प्रसन्ना, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, वनमण्डलाधिकारी जाधव श्रीकृष्ण, सीतानदी उदंती अभ्यारण्य के वनमण्डलाधिकारी वरूण जैन, प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ अनिल साहू, जिला पंचायत अध्यक्षी अरूण सार्वा आदि उपस्थित रहे। राज्यपाल ने केन्द्र परिसर में लगाई गई एलोवेरा और तिखुर की खेती का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कमार जनजाति के समाज प्रमुख, पर्यटन समिति के सदस्य और लखपति दीदियों से राज्यपाल ने आत्मीय संवाद किया। लखपति दीदी देवकुमारी साहू ने राज्यपाल को बताया कि वे बिहान योजना से जुड़कर सेंट्रिंग और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का कार्य करती हैं, जिससे उन्हें गांव में ही रोजगार और स्थायी आमदनी मिल रही है। उन्होंने बताया कि बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक सुधार हुआ है और अब वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा भी दिला पा रही हैं।

इको-टूरिज्म समिति के सदस्य श्री माधव सिंह मरकाम ने राज्यपाल को बताया कि जबर्रा ग्राम की प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करने के लिए समिति गठित की गई है, जिससे देश-विदेश के पर्यटक यहां आकर्षित हो रहे हैं। समिति के माध्यम से ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार प्राप्त हुआ है और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

इस अवसर पर नगरी विकासखंड के लीफआर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने पीपल के पत्ते पर उकेरी गई शेर की कलात्मक आकृति राज्यपाल डेका को भेंट की। राज्यपाल ने उनकी कला की प्रशंसा करते हुए आकृतियों के निर्माण में लगने वाले समय और उनकी कीमत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विकास को और भी कलात्मक पत्ते तैयार करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं उनकी कृतियों को खरीदने की इच्छा भी व्यक्त की।राज्यपाल डेका ने दौरे के समापन पर महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों के साथ आत्मीयतापूर्ण संवाद करते हुए समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनके साथ स्मृति स्वरूप छायाचित्र भी लिए।

कलेक्टर ने गांधी मैदान पहुंचकर राज्योत्सव स्थल का जायजा लिया

गरियाबंद/नवप्रदेश। तीन दिवसीय राज्योत्सव के अवसर पर इस बार 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी तथा हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं डीएफओ श्री शशिकानंदन के, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र चन्द्राकर, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर चन्द्राकर ने गांधी मैदान पहुंचकर राज्योत्सव स्थल का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक व्यवस्था, पार्किंग, लाईट, साउंड, दर्शक दीर्घा, वीआईपी बैठक व्यवस्था एवं प्रवेश द्वार आदि की भी व्यवस्थाओं को समय में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रजत महोत्सव के अवसर पर उद्योग विभाग द्वारा आवॉड्र्स इवेंट का शुभारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। रजत महोत्सव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में उद्योग विभाग के अंतर्गत स्टार्टअप छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन, 2025 स्टार्टअप पिचेस एवं आवॉड्र्स इवेंट का शुभारंभ किया जा रहा है। यह पहल युवाओं, महिलाओं, नवप्रवर्तकों और विद्यार्थियों को नवाचार और स्टार्टअप के लिए राज्यब्यापी मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री डीबी ध्रुव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों आईटीआई और लाइवलीहुड कॉलेजों के विद्यार्थियों को अपने अभिनव विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर देना है।

श्रेष्ठा योजना बनेगी अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए वरदान

योजना का लाभ लेने मेधावी छात्रों से आवेदन लेने के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे अनुसूचित जाति के छात्रछात्राओं के लिए लागू की गई श्रेष्ठा योजना बरदान साबित होगी । योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति के मेघावी छात्रछात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने निजी आवासीय विद्यालयों मे प्रवेश मिलेगा । योजना के तहत हर साल राष्टीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित राष्टीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9 और 11वीं मे प्रवेश के लिए तीन हजार नए विद्यार्थियों का चयन परीक्षा द्वारा किया जाएगा। जो कक्षा 12 वीं तक की शिक्षा पूर्ण करते है स्कूलो का आबंटन योज्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर आनलाइन काऊंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा । सरकार द्वारा वास्तविक और निर्धारित सीमा के तहत चयनित छात्रो के शिक्षण एवं छात्रावास शुल्क सीधे स्कूलों को हस्तांतरित करके वित्तीय सहायता प्रदान करेगी । चयनित छात्रों को सरकार द्वारा दी गई राहत सहायता के अलावा कोई भी शुल्क नही देना है । योजना मे इसके अलावा शैक्षणिक समायोजन मे सहायता के लिए ब्रिज कोर्स के लिए वार्षिक शुल्क के दस फीसदी तक की देय राशि का प्रावधान किया गया है । अगले सत्र 26-27 मे प्रवेश के लिए राष्टीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिसंबर माह मे प्रस्तावित है । जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिभावान छात्रछात्राएं अपने स्कूल के प्रधानपाठक, प्राचार्य से सहायता ले सकते है । और चयन उपरांत योजना का सीधा लाभ मिलेगा ।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को बताया गया पीएम सूर्यघर योजना के लाभ

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विद्युत संभाग भाटापारा द्वारा गुरुवार को जनपद पंचायत कार्यालय भाटापारा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में सीएसपीडीसीएल के अधिकारी क्षेत्र के राइस मिलर्स, वेंडर्स, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही शामिल हुए। कार्यशाला में अधिकारियों के द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के फायदे, सोलर पैनल इंस्टालेशन, सरकार द्वारा सब्सिडी, वेंडर की सूची, ऋण प्रावधान आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुछ हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किये। लाभान्वित हितग्राही अनिल अग्रवाल एवं भुवन सिंह ठाकुर ने बताया कि योजना के तहत सोलर पैनल लगाने से बहुत फायदा मिला हैं। पूर्व में घर का विद्युत देयक 1500 से 2000 रुपये तक आता था जो कि घटकर वर्तमान में 300 रुपये तक आता है। साथ ही इस बात की संतुष्टि है कि इस योजना से पर्यावरण का संरक्षण भी सहभागिता हो रही हैं क्योंकि इससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता है।

कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता व्ही.के.राठिया, सहायक अभियंता वासुदेव साहू, अवैलशन खेस, एल. एन. कँवर, कनिष्ठ अभियंता मुकेश देवांगन, अभिषेक साहू, जयनारायण साहू, मनोज साहू, सौरभ देवांगन, भोला प्रसाद साकेत, पुनीत शुक्ला, जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर

सहकारी समिति कर्मचारियों ने तालाबंदी कर किया प्रदर्शन

चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत, जिला मुख्यालय के बाद संभाग और राजधानी मे होगा प्रदर्शन

खैरागढ़/नवप्रदेश। चार सुत्रीय मांगों को लेकर जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत करते जिला मुख्यालय मे एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर मांगों को पूरा करने रैली निकाली ओर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँच ज्ञापन सौंपा । अंबेडकर चौक मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मे जिले भर के सहकारी समिति कर्मचारी शामिल हूए और अपनी मांगो को पूरा करने सरकार को अल्टीमेटम दिया । सहकारी समितियों के कर्मचारियों की एक दिवसीय हड़ताल के चलते शुक्रवार को जिले भर के सहकारी समितियों मे ताला लटका रहा । जिससे पंजीकृत किसानो और समिति मे विभिन्न कार्यो को लेकर आने वालो लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ा । जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर चार सुत्रीय मांगो मे मप्र सरकार की तर्ज पर छग के समिति कर्मचारियो को वेतनमान, अन्य सुविधाओं का लाभ देने,हर साल समितियों को तीन तीन लाख रू प्रबंधकीय अनुदान दिए जाने, सेवानियम 2018 मे आंशिक संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, समर्थन मूल्य मे 23-24 एवं 24-25 मे धान परिदान पश्चात संपूर्ण सुखत को मान्य किए जाने, कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा आदि को चार गुना बढ़ोत्तरी करने, राशन वितरण पर प्रतिक्विंटल 5 सौ ग्राम क्षतिपूर्ति और 5 हजार रू राशि प्रदान किए जाने, धान खरीदी नीति मे वर्णित कंडिका 11-3-3 आऊट सोर्सिंग द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर के नियोजन को विलोपित कर विभाग तय करते हूए नियमितीकरण किए जाने की मांग शामिल है ।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 28 को होगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद के तत्वाधान में 28 अक्टूबर 2025 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 02 नियोजकों द्वारा लगभग 800 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेफइंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई दुर्ग के अंतर्गत सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवी निर्धारित की गई है। सिक्यूरिटी गार्ड केवल पुरूष के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं बारहवीं निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या ग्रेजूएट पास एवं 02 वर्ष का अनुभव निर्धारित की गई है। इसी तरह महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवी पास निर्धारित की गई है। इसी तरह नियोजक इन्फोटेक इंडिया प्रायवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्स एक्सीक्यूटिव के 200 पद की पूर्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, टीम मैनेजर के 25 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं ग्राम पंचायत प्रोजेक्ट एडवाईजर के 200 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

न्यूज गैलरी

बंगाली समाज ने की मां काली की पूजा-अर्चना

महासमुंद/नवप्रदेश। बंगाली समाज द्वारा आयोजित महाकाली विसर्जन की भव्य शोभायात्रा में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता संदीप घोष रमेश साहू शामिल हुए। नेताओं ने माँ काली की पूजा-अर्चना कर समाजिकजनों को काली पूजा की बधाई व शुभकामनाएं दी।

ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। ट्रैक्टर पलटने से उसे चला रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को आकाश चौहान ने बताया कि 22 अक्टूबर की सुबह उनके पिता बृजलाल चौहान ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीडी 5895 को लेकर खेत गए थे। करीब 7.20 बजे कुरमाडीह-बरभांठा मार्ग में छोटी डोंगरी के पास चढ़ाव में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उनके पिता की वाहन में दबने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पेट्रोल भराने गए युवक से बंदूक व चाकू दिखाकर लूट

महासमुंद/नवप्रदेश। पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने गए युवक को बंदूक दिखाकर तीन लोगों ने नकद लूट लिए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट 25-27 एवं बीएनएस की धारा 309(4), 311 के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बलौदा थाना क्षेत्र निवासी बसंत कुमार साहू ने शिकायत की है कि वह सराओली के एक अस्पताल में फार्मासिस्ट है। 23 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े चार बजे वह पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने गया था उसी समय बाइक क्रमांक ओडी 03 ए 1453 में अजित लाला, हीमांशु सोना और दीपक डड़सेना आए। अजित लाला एक छोटा बंदूक और हिमांशु सोना एक चाकू रखा था दोनों मुझे पेट्रोल पंप के वाशरूम में ले गए और चाकू व बंदूक दिखाकर बोले-जो पैसा तेरे पास है दे दे, नहीं तो गोली मार देंगे। मेरे पास 500 रुपए नकद था जिसे कट्टा दिखाकर लूट लिए और 250 रूपए मोबाइल से पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने फोन पे कराया।

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 53 फोरलेन पर मंगलवार रात 9 बजे एक सड़क हादसा में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित ढीढी (28) मंगलवार रात बाइक (बिना नंबर प्लेट की प्लेटिना) से ससुराल भजपुरी जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 फोरलेन में बल्दीडीह क्रॉसिंग से पहले लोहराकोट गांव की सीमा पर रात लगभग 9 बजे अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से रौंद दिया। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी राहगीरों ने पुलिस 112 एंबुलेंस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की 1033 एंबुलेंस को दी। ललित ढीढी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे। देर रात होने के कारण शव का पोस्टमार्टम बुधवार को किया गया। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पांच महीने पहले उसी धारा में 20 जुआरियों को भेजा गया था जेल

रसूखदारों पर पुलिस की दरियादिली, थाने से जुआरियों को किया रिहा

- कोल स्कैम के मास्टरमाइंड सूर्यकांत के करीबी अजय नायडू का होटल

महासमुंद/नवप्रदेश। बालाजी होटल के तीसरी मंजिल में बुधवार की रात चल रहे जुआ में पुलिस ने छापा मारकर होटल संचालक को छोड़ 18 जुआरियों को आरोपी बनाया है। पुलिस ने इन जुआरियों पर चार धाराओं के तहत कार्रवाई की है। लेकिन गैर जमानती धारा लगाने के बावजूद 16 जुआरियों को थाने से मुंह चलका पर छोड़ दिया गया। जबकि यही पुलिस करीब 5 महीने पहले पिथौरा के उजाला पैलेस में जुआ खेलते 26 लोगों को गिरफ्तार किया। और 6 को छोड़कर 20 को जेल भेज दिया था। पुलिस की इन दोनों कार्रवाई से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सफेद पोश और राजनीतिक रसूख रखने वालों पर गैर जमानती धारा के बाद भी थाने से छोड़ देना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

कोयला घोटाले का मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी के करीबी अजय नायडू के रायपुर रोड स्थित बालाजी होटल में बुधवार की रात सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ में रेड मारा था। पुलिस ने होटल संचालक अजय नायडू को छोड़कर 18 लोगों को हिरासत लिया था। पुलिस ने होटल के जुआ फड़ से 7.64 लाख, 10 वाहन और 19 मोबाइल जब्त किया था। पकड़े गए 18 जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2), 5 और बीएनएस 2023 की धारा 111, 112 के तहत अपराध दर्ज कर लिया। जबकि बीएनएस की धारा 111 संगठित अपराध होने के कारण गैर जमानती है। जिसे सेशन कोर्ट में ही पेश करना होता है। लेकिन फिर भी महासमुंद पुलिस की दरियादिली कि गैर जमानती धारा लगाने के बाद भी 16 जुआरियों को थाने से मुंह चलका पर छोड़ दिया गया। और दो जुआरी को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जमानत दे दी गई। वही एक दूसरे मामले में 30 जून 2025 को पिथौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उजाला पैलेस में चल रहे जुआ में छापामार कर पैलेस संचालक समेत 26 जुआरियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 5 और बीएनएस की धारा 3 (5), 111, 112 के तहत गिरफ्तार कर 6 जुआरियों को छोड़ 20 को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया था।

> एफआईआर हुई है। जांच चल रही है। हर पहलू पर विधिपूर्वक कार्रवाई किया जाएगा। होटल पर, संचालक के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। **आशुतोष सिंह,** एसपी महासमुंद

> धारा 111और 112 गैर जमानती है। जो संगठित अपराध के लिए लगाया जाता है। गैर जमानती धारा में पुलिस को अथॉरिटी नहीं थाने से छोड़ने की। पुलिस को कोर्ट में पेश करना चाहिए। पुलिस द्वारा छोड़ा गया है पूरी तरह से अनुचित है। **सुमीत सिंह ढोल्लो** अधिवक्ता महासमुंद

गौरा-गौरी विसर्जन में अश्वनी शर्मा हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ब्लाक अंतर्गत ग्राम गुर्रा, टोनाटार, मोपकी सहित नगर के सुभाष वार्ड, बलभद्र वार्ड में आयोजित गौराङ्गौरी विसर्जन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक आस्था का सजीव प्रतीक हैं। उन्होंने उपस्थित सभी श्रद्धांलुओं को बधाई देते हुए कहा कि ÷गौरा-गौरी विसर्जन हमारे लोकजीवन की आत्मा है। यह पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ाते हैं और नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं से परिचित कराते हैं। विदित हो कि विभिन्न स्थानों पर ईसर गौरा एवं माता गौरी का पूजन-अर्चन श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। ग्रामवासी – बच्चे, युवा और बुजुर्ग – सभी ने मिलकर इस पारंपरिक उत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आनंद और सौहार्द का वातावरण व्याप्त रहा। ग्राम मोपकी में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज एवं युवा गोंडवाना संगठन के तत्वावधान में ईशर राजाङ्गौरा माता विवाह एवं महाबरात कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पारंपरिक नृत्य, भजन और पूजा-अर्चना के माध्यम से गोंडवाना संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिली। यह परंपरा आस्था, एकता और सामाजिक समरसता का सुंदर प्रतीक रही।

गौरा-गौरी विसर्जन में शामिल हुए पूर्व विधायक

भाटापारा -छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने नगर के धुरंधर वार्ड मे बुधवार को आयोजित गौरा-गौरी विसर्जन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भगवान शंकर माता पार्वती की पूजा अर्चना कर सभी की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि गौरा-गौरी पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्रामीण जीवन, सामाजिक एकता और सुंदर संस्कृति का एक महान प्रतीक है। जिस तरह से हमारे पूर्वजों ने इस समृद्ध संस्कृति को संजोकर रखा है, हमारा भी यह दायित्व बनता है कि हम आगे आकर इसे निरंतर बढ़ाएँ और अपनी युवा पीढ़ी को भी इसमें रुचि लेने के लिए प्रेरित करें।

सरकार धान खरीदी के लिए स्पष्ट जवाबदारी तय करें : जयप्रकाश

- खरीफवर्ष 2025-26 हेतु धान खरीदी की तिथि 15 नवंबर तय है

महासमुंद/नवप्रदेश। इस बार भी खरीफ फसल धान का समर्थन मूल्य पर खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने वाली है। लेकिन समर्थन मूल्य धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले ही सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारी, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, सेल्समेन, लिपिक, चपरासी, चौकीदार एवं ऑपरेटरों ने चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। यदि, ऐसा होता है तो एक बार फिर धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025-26 हेतु धान खरीदी की तिथि 15 नवंबर तय है। लेकिन, सरकार के एक आदेश के अनुसार सरकारी अधिकारी को खरीद केंद्रों में प्रभारी बनाने की बात कही जा रही है, जो न्यायोचित नहीं है, जिसे लेकर संघ में असंतोष व्याप्त है। संघ का मानना है कि सरकार धान खरीदी के लिए स्पष्ट जवाबदारी तय करें। जिससे पता चले कि धान खरीदी के दौरान आने वाली समस्याओं के लिए जवाबदेह कौन होगा?

धान खरीदी से लेकर धान उठाव तक की जिम्मेदारी कौन लेगा? समिति के लिए यह प्रश्नचिन्ह है। प्रदेश संघ ने दीपावली निकलते ही चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। संघ के मुताबिक यदि उनकी बातें नहीं सुनी गई तो धान खरीदी प्रभावित हो सकती है।

जलकी व सुकुलबाय के मातर महोत्सव में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सिरपुर क्षेत्र के ग्राम जलकी एवं सुकुलबाय में आयोजित मातर महोत्सव में बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र भेंटकर अध्यक्ष साहू का स्वागत किया। अध्यक्ष श्री साहू ने मंच से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मातर महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो गांवों में पारिवारिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते परिवेश में ऐसे लोकपर्व हमारी पहचान को बनाए हुए हैं, जिनसे नई पीढ़ी को अपनी जड़ों

से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्री साहू ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के पर्व समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

नगर पालिका में सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना की कार्यशाला

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका कार्यालय में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत कार्यशाला रखी गयी थी.जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप छबड़िया, विभिन्न वार्डो पार्षद गण , मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विद्युत विभाग से कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता गण, कनिष्ठ अभियंता गण, वेंडर्स अन्य जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही गण उपस्थित हुए.योजना के सम्बन्ध में विद्युत विभाग अधिकारीयों द्वारा विस्तार से जानकारी दिया गया.

हितग्राहियों एवं पार्षदों को योजना से सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दिए गए.इस दौरान पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पार्षदों को योजना का लाभ बताते हुये अपने क्षेत्र के लोगों में जागरूकता लाने में सहयोग करने एवं प्रचार प्रसार करने हेतु अपील की गई । कार्यपालन अभियंता वी के राठिया ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल इंस्टॉल कराने पर 3 किलोवाट एवं उससे अधिक के पैनल पर केन्द्र सरकार द्वारा 78 हजार एवं राज्य सरकार द्वारा 30 हजार कुल एक लाख आठ हजार रुपये तक सब्सिडी दी जा रही है.इसके साथ ही बैंक से आसानी से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर ऋण की भी सुविधा हैं। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी बिजली ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं।

पालिका कर्मी करेंगे डोर-टू-डोर टैक्स की वसूली

- पिछला और वर्तमान मिलाकर 913 लाख रुपए में मात्र 98.60 लाख वसूली

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका द्वारा समेकित, संपत्ति, जलकर व अन्य करों की वसूली बेहद धीमी गति से चल रही है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक महज 14 प्रतिशत करों की वसूली हो पाई है। जिससे पालिका अब हर बुधवार डोर-टू-डोर करों की वसूली का अभियान चलाने जा रही है, जो बुधवार से शुरू होगी।

बता दें कि पालिका टैक्स वसूली के मामले में पिछड़ता जा रहा है। पूर्वोत्तर सरकारों द्वारा टैक्स वसूली को लेकर कई प्रयास, नोटिस और कुर्की की कार्रवाई तक की चेतावनी तक दी बावजूद बड़े बकायादारों पर कोई खास असर नहीं दिखा। जानकारी के अनुसार शहर में संपत्ति, समेकित, जलकर, दुकानों का किराया, निर्यात कर, यूजर चार्ज आदि वसूल किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष में कुल बकाया 417.76 लाख रुपए के एवज में वसूली मात्र 58.55 लाख हुई है। पूर्व वर्षों का कुल बकाया 495.24 लाख रुपए में वसूली 39.51 लाख की हुई है। पिछला और वर्तमान में कुल बकाया 913 लाख रुपए में से वसूली 98.60 लाख ही हुई है। वर्तमान में संपत्ति कर का कुल बकाया 88.86 लाख है जिसमें 8.18 लाख की वसूली हुई है जो मात्र 9.21 प्रतिशत है। पिछले वर्ष का बकाया 35 लाख व वसूली 8.89 लाख हुई है। कुल बकाया 124 लाख और 17.97 कुल वसूली और वसूली का प्रतिशत 13.77 है। इसी प्रकार दुकानों का कुल बकाया 13.09 लाख और वसूली 1.57 लाख हुई है।

ऑनलाइन में रूचि नहीं ले रहे लोग

पालिका ने हाल ही में ऑनलाइन टैक्स भुगतान की सुविधा प्रदान की है, लेकिन लोग इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं और नगर पालिका की टीम अब डोर-टू-डोर अभियान चलाने के लिए वार्डों में जाने की तैयारी कर रही है। नगर पालिका के राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने बताया कि टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा अब हर बुधवार को डोर-टू-डोर जाकर टैक्स वसूल किया जाएगा। इसी बुधवार से अभियान प्रारंभ होना था, लेकिन त्योहार के चलते अगले बुधवार से अभियान प्रारंभ होगा।

बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा : तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने ग्राम गुड़रूडीह में मातर महोत्सव में कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। देश में सर्वाधिक युवा हैं, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की सदा आवश्यकता महसूस की जाती है।

वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ी को आशीर्वाद के तौर पर दें। युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठजनों के अनुभव से ही समाज और देश समृद्ध होगा। कार्यक्रम में धनजी ध्रुव, नारायण पटेल, रमाकांत ध्रुव, अशोक साहू, शेखर साहू, निगम निषाद आदि मौजूद रहे।

निर्णय का विरोध ... *कंप्यूटर ऑपरेटर व सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने भरी हुंकार, 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी*

12 माह का वेतन व नियमितीकरण की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने प्रदेशभर के 2739 धान उपार्जन केंद्रों में कार्यरत ऑपरेटरों को 12 माह की बजाय केवल 6 माह का वेतन देने के शासन निर्णय के विरोध में आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा है कि ऑपरेटर वर्षभर काम करते हैं, ऐसे में मात्र 6 माह का वेतन देना न तो न्यायसंगत है और न ही संवैधानिक दृष्टि से उचित।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया चार सूत्रीय मांग को लेकर आज वे कलेक्टोरेट में संघ की चार सूत्रीय माँग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन देंने पूरे संघ के साथ पहुंचे है । यहाँ आज संघ के द्वारा एसडीएम -हीतेश्वरी बाघे को ज्ञापन सौंपा गया अध्यक्ष मोहरे ने कहा कि धान खरीदी की तैयारियाँ 1 जुलाई से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलती हैं, जबकि फाइल अपलोडिंग और भुगतान कार्य अगले कुछ महीनों तक चलता रहता है। फिर भी शासन ने 2025-26 में केवल 6 माह का वेतन स्वीकृत किया है। यह निर्णय ऑपरेटरों के साथ अन्यायपूर्ण है, जिन्हें पिछले 18 वर्षों से न्यूनतम पारिश्रमिक पर कार्य कराया जा रहा है।

जिला कोषाध्यक्ष, समिति कर्मचारी महासंघ दिनेश चंद्राकर ने कहा, धान खरीदी के दौरान हम कर्मचारी लगातार धान को सुरक्षित रखते हैं, पर शासन द्वारा तीन-तीन महीने बाद उठाव किया जाता है। ऐसे में धान में सुखत आना स्वाभाविक है। शासन द्वारा हम कर्मचारियों पर एफआईआर होता है जो गलत है इसलिए हमारी प्रमुख माँग है कि धान में होने वाले सुखत का उचित प्रावधान शासन स्तर पर किया जाए।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शासन ने आगामी कैबिनेट बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटरों की 12 माह के वेतन भुगतान और नियमितीकरण की मांग पर निर्णय नहीं लिया, तो प्रदेशभर के 15 हजार से अधिक समिति कर्मचारी और ऑपरेटर आंदोलन को व्यापक बनाएंगे।

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि ÷हम वर्षों से प्रदेश की धान खरीदी व्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं, लेकिन हर बार उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। अब धैर्य की सीमा पार हो चुकी है।÷

संघ ने इस अन्यायपूर्ण नीति के विरोध में आंदोलन की रूपरेखा भी तय की है–

1. 24 अक्टूबर को सभी जिलों में जिला मुख्यालयों पर प्रतीकात्मक रैली और ज्ञापन सौंपा गया
2. 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर धरना प्रदर्शन होगा।
3. 3 नवम्बर से अनिश्चित कालीन आंदोलन संभाग स्तरीय है
4. 12 नवंबर से मांगें पूरी न होने की स्थिति में प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी

पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए टेस्ट सीरीज आयोजित

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज क्रमशः 02 नवंबर रविवार को पेपर -1 (भारतीय इतिहास, छत्तीसगढ़ इतिहास), 09 नवंबर को पेपर -2 (संविधान, पंचायती राज), 16 नवंबर को पेपर -3 (विज्ञान,अर्थशास्त्र, आर्थिक सर्वेक्षण, कंप्यूटर), 23 नवंबर को पेपर 4 (भारत का भूगोल, छत्तीसगढ़ का भूगोल), 30 नवंबर को पेपर 5 (दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति), 14 दिसंबर को पेपर -6 मेगा टेस्ट 01 (सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन), 21 दिसंबर को पेपर -7 मेगा टेस्ट 02 (सी सेट), 28 दिसंबर को पेपर 8 मेगा टेस्ट 03 (सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन), का आयोजन किया जाएगा। साव ने आगे बताया कि टेस्ट सीरीज दिलाने के लिए इच्छुक परीक्षार्थियों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

(एनसीव्हीटी/डीजीईटी नई दिल्ली से मान्यता)
दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई
वर्तिका आई.टी.आई.
COPA
(कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट)
STENOGRAPHER (HINDI)
स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेटियल असिस्टेंट
AISECT
COMPUTER EDUCATION CENTER
Tally POWER OF SIMPLICITY (TALLY ERP.9, PRIME)
CODING CLASSES
C C++ PYTHON HTML JAVASCRIPT VB.NET
COMPUTER TYPING
HINDI, ENGLISH TYPING
Microsoft Office
DIPLOMA IN COMPUTER
DCA / PGDCA
(1 YEAR COURSE)
प्रवेश हेतु संपर्क करें
प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक
शंकर वार्ड, सिनेमा लाईन भाटापारा (छ.ग.) मो.- 70004-08379

राईस मिल एसोसिएशन भाटापारा
की ओर से दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गोपाल अग्रवाल
अध्यक्ष
सूरज धारानी
सचिव
राईस मिल एसोसिएशन


UltraTech CEMENT
The Engineer's Choice
INDIA'S NO.1 CEMENT
One chance to celebrate
together and light up
your homes with happiness.
Happy Diwali

दालमिल एसोसिएशन
भाटापारा की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली, गावेर्धन पूजा, एवं गुरुनानक जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री नरेश आर्य जी
अध्यक्ष-दाल मिल एसोसिएशन भाटापारा
संबंधों की चौखट पर एक दिया हमारी तरफ से भी...
विनीत : दाल मिल एसोसिएशन परिवार भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

20 महीने में रैयाम मिल को चालू करवाऊंगा

❑ संविदाकर्मियों को स्थायी करने का वादा

दरभंगा/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दरभंगा के केवटी विधानसभा क्षेत्र स्थित रैयाम चीनी मिल परिसर में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से लालू यादव और राहुल गांधी पर भरोसा जताते हुए महागठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने की अपील की। तेजस्वी ने मंच से एनडीए सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 20 सालों में राज्य के बेरोजगारों के लिए कुछ नहीं किया गया। अगर, उस समय चीनी, पेपर मिलों और अन्य उद्योगों की स्थापना हुई होती, तो आज युवाओं को पलायन नहीं करना पड़ता। इस दौरान उन्होंने मिथिलांचल की रैयाम चीनी मिल और अशोक पेपर मिल सहित सभी बंद पड़े उद्योगों को चालू कराने का वादा किया।

मिल चालू करने की चुनौती

तेजस्वी यादव ने रैयाम चीनी मिल को लेकर एक बड़ी चुनौती पेश की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'हमारी सरकार बनी तो 20 महीने में रैयाम चीनी मिल को चालू करवाऊंगा और अगर नहीं किया तो जो सजा देंगे, हम स्वीकार करेंगे।' उन्होंने जनता को हिंदू-मुस्लिम के नाम पर बांटने वालों को हटाने की अपील करते हुए कहा कि हमें मौका दीजिए, अगर हम वादे पूरे न करें तो अगली बार हटा दीजिएगा।

तेजस्वी ने सरकारी कर्मचारियों और मानदेय कर्मियों के लिए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर टोला सेवक, आशा, चौकीदार, रसोइया और सेविका समेत सभी कर्मियों का मानदेय बढ़ाया जाएगा। साथ ही, संविदा कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा। उन्होंने जीविका दीदियों और प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक के संविदा और बेल्ट्रॉन कर्मियों को भी स्थायी करने का वादा किया।

सरकारी नौकरी और 'माय-बहन योजना' का वादा

तेजस्वी यादव ने 20 नवंबर के बाद नया कानून बनाने की बात कही, जिसके तहत हर घर में सरकारी नौकरी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने महिलाओं के लिए ?2500 की 'माय-बहन योजना' लागू करने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने भीड़ में पंडाल और तिरपाल की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर भी ध्यान दिया, जिसके कारण कई लोग धूप से बचने के लिए इधर-उधर खड़े थे, जिससे आयोजन की किरकिरी होती दिखी।

महागठबंधन का नया फार्मूला

कांग्रेस और वामदल को भी उप मुख्यमंत्री का पद

बिहार की राजनीति में तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने के बाद अब महागठबंधन जातीय और सामाजिक समीकरणों के नए संतुलन की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम घोषित करने के बाद गठबंधन में अब कांग्रेस और वाम दल से भी एक-एक उप मुख्यमंत्री बनाने पर मंथन कर रहा है।

पटना। सहनी के नाम की घोषणा करने के बीच ही कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक और पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संकेत दे दिए हैं कि सहनी के अलावा गठबंधन में कुछ और उप मुख्यमंत्री होंगे। इनमें एक अल्पसंख्यक समाज से जबकि दूसरा दलित वर्ग से हो सकता है। गहलोत के इस बयान ने साफ कर दिया है कि सहयोगी को साथ लेकर और वर्गीय प्रतिनिधित्व को केंद्र में रखकर चुनावी रणनीति तैयार होगी। इससे जातियों के समीकरण का संतुलन साधा जा सकेगा साथ ही

जातीय संतुलन पर फोकस

सहयोगी दलों को सत्ता में बराबरी का हिस्सा देकर उनकी नाराजगी दूर कर संतुष्ट किया जा सकेगा। राजनीतिक जानकार भी मानते हैं कि अगर सहनी के बाद महागठबंधन के अन्य सहयोगी दलों से एक-एक उप मुख्यमंत्री होगा तो इससे बराबरी का भाव होगा साथ ही यदि दो अन्य उप मुख्यमंत्री दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के हुए तो यह समीकरण एनडीए के लिए बड़ी चुनौती होगी। वैसे भी सहनी के नाम की मंच से घोषणा हो चुकी है। सहनी की घोषणा के साथ गठबंधन ने निषाद और अति पिछड़ा समाज में मजबूत संदेश भी दे दिया है। जिससे निषाद-मल्लाह और अतिपिछड़े वर्ग की एकजुटता सत्ता की राह करीब-करीब आसान होती दिख रही है।

गहलोत ने चला तुरूप का पत्ता

लिहाजा गहलोत ने अन्य उप मुख्यमंत्री का तुरूप का पत्ता चला। जिसके बाद अब गठबंधन एक दलित और अल्पसंख्यक समाज को प्रतिनिधित्व देने की ओर कदम बढ़ा रहा है। जिस पर गठबंधन में मंथन शुरू हो गया है। चर्चा है कि कांग्रेस और इसके बाद भाकपा माले से एक-एक नेता को यह पद मिल सकता है। यहां बता दें कि महागठबंधन के भीतर हाल के दिनों में मतभेद के संकेत मिले थे। खासकर कांग्रेस का विरोध मुखर होकर सामने आया था। हालांकि नाराजगी वाम दलों में भी थी। परंतु इस संकट से महागठबंधन पार पा गया है।

वारिस पठान का महागठबंधन पर हमला

मुसलमानों को फिर किया गया नजरअंदाज

❑ राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और जनता अब बदलाव चाहती है

मुंबई(आईएएनएस)। बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन द्वारा मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद एआईएमआईएम के नेता वारिस पठान ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला स्पष्ट रूप से महागठबंधन के पाखंड को उजागर करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह वही लोग हैं जो कहते थे 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी,' तो अब उस वादे का क्या हुआ? वारिस पठान ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि बिहार में मुसलमानों की आबादी 19 प्रतिशत है, जबकि सहनी साहब का समुदाय केवल दो प्रतिशत है। फिर भी उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया जा रहा है, लेकिन किसी मुसलमान को क्यों नहीं? क्या मुसलमानों में कोई कमी है? उन्हें उचित हिस्सेदारी क्यों नहीं दी जाती। उन्होंने आगे कहा कि बिहार का सीमांचल इलाका सबसे पिछड़ा क्षेत्र है, क्योंकि वहां मुसलमानों की सबसे ज्यादा आबादी है, फिर भी विकास के नाम पर वहां कोई काम नहीं हुआ। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और जनता अब बदलाव चाहती है। एआईएमआईएम नेता ने भरोसा जताया कि इस बार बिहार की जनता उनकी पार्टी को बंपर वोट देगी।

पीएम मोदी का महागठबंधन पर वार

'अब लालटेन और उसके साथी नहीं चाहिए... अब झुकेगा नहीं बिहार'

❑ हमने गरीबों, दलितों, महादलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के हितों को प्राथमिकता दी

समस्तीपुर/ए.। धानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार को अब लालटेन और उसके साथी नहीं चाहिए और आप झुकेगा नहीं बिहार। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए जीत के अपने पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाला है। इन चुनावों में बिहार एनडीए को अब तक का सबसे बड़ा जनादेश देगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार दौरे पर समस्तीपुर में विशाल और ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की धरती समस्तीपुर में मेरे परिवारजनों का अपार उत्साह साफ बता रहा है कि इस बार बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

आरजेडी और कांग्रेस चोरी के मामले में जमानत पर

पीएम मोदी ने कहा- हम जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रेरणा से सुशासन को समृद्धि में बदल रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ आरजेडी और कांग्रेस वाले क्या कर रहे हैं और क्या कह रहे हैं ये आपको मुझसे ज्यादा पता है, मुझे आपको याद दिलाने की जरूरत नहीं है। ये हजारों करोड़ रुपए के घोटालों में जमानत पर चल रहे लोग हैं। और जो जमानत पर है वो चोरी के मामले में जमानत पर है। इनकी चोरी की आदत ऐसी है कि अब जननायक की उपाधि की चोरी करने में जुटे हैं। बिहार के लोग जननायक कर्पूरी बाबू का ये अपमान कभी नहीं सहेंगे।

मखाना किसानों के खातों में 28 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा जमा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- मैं सभी मखाना किसानों से, अपने नौजवानों से कहूंगा- ये जो हमने नया मखाना बोर्ड बनाया है, ये क्रांति का आरंभ है। हमारी सरकार बिहार के छोटे किसानों और मछुआरों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। पीएम किसान सम्मान निधि से हमने छोटे किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसा भेजने शुरू किए। बिहार के किसानों के खातों में भी 28 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा जमा किए जा चुके हैं।

नई रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर आएगी एनडीए सरकार

पीएम मोदी ने कहा- इस समय आप जीएसटी बचत उत्सव का भी खूब आनंद ले रहे हैं और कल से छठी मईया का महापर्व भी शुरू होने जा रहा है। ऐसे व्यस्त समय में भी आप इतनी विशाल संख्या में यहां आए हैं, समस्तीपुर का जो ये माहौल है, मिथिला का जो मूड है उसने पक्का कर दिया है- नई रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर आएगी एनडीए सरकार। उन्होंने कहा- लोकतंत्र के महापर्व का बिगुल बन चुका है और पूरा बिहार कह रहा है। फिर एक बार एनडीए सरकार, फिर एक बार सुशासन सरकार, जंगलराज वालों को दूर रखेगा बिहार।

रामविलास की कर्मभूमि अलौली सीट पर 'विरासत की जंग'

❑ पशुपति पारस ने बेटे यशराज को उतारा, तो चिराग का जदयू को समर्थन

खगड़िया/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर पक्ष और विपक्ष के नेता एक-एक सीट पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। अलौली विधानसभा भी बेहद खास है, क्योंकि इसे पासवान परिवार का राजनीतिक गढ़ माना जाता है। दिवंगत रामविलास पासवान के राजनीतिक सफर की शुरुआत अलौली विधानसभा सीट से हुई थी, जो आज भी पासवान परिवार के प्रभाव का प्रतीक बनी हुई है। रामविलास पासवान ने मात्र 23 वर्ष की उम्र में 1969 में यहां पहली और आखिरी जीत हासिल की।

पशुपति कुमार पारस के बेटे यशराज मैदान में

इस बार, अलौली सीट पासवान परिवार की विरासत की जंग का गवाह बन रही है। पशुपति कुमार पारस ने अपनी पार्टी, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अपने बेटे यशराज (यशराज पासवान) को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, चिराग पासवान के नेतृत्व वाली पार्टी ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है, बल्कि सहयोगी जनता दल के लिए सीट छोड़ दी है। जेडीयू ने यहां से रामचन्द्र सदा को अपना उम्मीदवार बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन की ओर से रामवृक्ष सदा को प्रत्याशी बनाया गया है।

गोपालगंज में जन सुराज ने निर्दलीय अनूप श्रीवास्तव को दिया समर्थन

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गोपालगंज में राजनीति गरमा गई है। जन सुराज पार्टी ने जिले में निर्दलीय उम्मीदवार अनूप श्रीवास्तव को अपना समर्थन देने का एलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय स्तरीय नेता प्रशांत किशोर ने आज गोपालगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस फैसले की जानकारी दी। प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा ने जन सुराज के घोषित उम्मीदवार डॉ. शशि शेखर सिन्हा को दबाव देकर उम्मीदवार बनवाने में बाधा डाली, जिसके चलते पार्टी ने अनूप श्रीवास्तव को समर्थन देने का निर्णय लिया।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
1st call

NIT NO: 25/Helth/Zone-2/2025 RAIPUR DATED: 23/10/2025
Online bids are invited for the following works of works up to Date 13/11/2025 at 17:30 hours.

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य स्थल का नाम	कुल कुशल/अकुशल श्रमिक	निविदा राशि (लाख रू. में)	अमानती राशि (लाख रू.में)	समयावधि
1	178106	शहीद स्मारक भवन एवं सामुदायिक भवन मौदहापारा में 03 पाली में कुल-12 सुरक्षा गार्ड प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य।	12	20.32	0.70	12 माह
2	178107	शहीद स्मारक भवन में साफ सफाई एवं अन्य कार्य हेतु कुल 07 हाउस कीपिंग स्टाफ (अकुशल श्रमिक) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य।	07	16.46	0.70	12 माह

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 24/10/2025 10.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at **Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-2
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

न्यायालय तहसीलदार कसडोल
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ज्ञापन
क्रमांक/वा./तह./2025
कसडोल दिनांक 06/10/2025

प्रति,
1. भरत भूषण पिता स्व. रामप्रसाद साहू जाति तेली ग्राम कटगी
2. राजकुमारी पिता स्व. रामप्रसाद साहू जाति तेली ग्राम बेलटकरी तहसील कसडोल
3. मीना पिता स्व. रामप्रसाद साहू जाति तेली ग्राम शिवरीनारायण
4. पन्ना पिता स्व. रामप्रसाद साहू जाति तेली ग्राम साबर
5. राजलक्ष्मी पिता स्व. रामप्रसाद साहू जाति तेली ग्राम कटगी
6. राजश्री राजलक्ष्मी पिता स्व. रामप्रसाद साहू जाति तेली ग्राम कटगी
7. त्रिभुवन पिता छब्बू साहू जाति तेली ग्राम कटगी
8. हेमचरण पिता स्व. छबिलाल साहू जाति तेली ग्राम हसुवा
9. खीखबाई साहू बेवा छबिलाल साहू जाति तेली ग्राम कटगी
10. होरीलाल पिता स्व. ईवारी साहू जाति तेली ग्राम कटगी

कास्तकार ग्राम कसडोल प.ह.नं. 09 तहसील कसडोल
विषय - पेशी में उपस्थित होने बाबत्।

आप को तहसील कार्यालय कसडोल के न्यायालय द्वारा सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202505210700086 अ/6 वर्ष 2024-25 आवेदिका गुलापाबाई पति स्व. रामू प्रसाद साहू जाति तेली ग्राम कसडोल प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. बनाम भारत भूषण के प्रकरण में आवेदिका गुलापाबाई पति स्व. रामू प्रसाद साहू जाति तेली ग्राम कसडोल प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कसडोल स्थित भूमि ख.नं. 875/1 का टुकड़ा रकबा 0.170 हे. विक्रेता रामप्रसाद पिता धनसाय, डब्बू, छबिलाल पिता रनसाय, महिपतराम, होरीलाल पिता ईतवारी जाति तेली ग्राम कसडोल प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. से मेरे ससुर जी धनसूराम पिता प्यारी जाति तेली ग्राम कसडोल प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 14/06/1993 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को क्रय दिनांक से वर्तमान में भी कास्त काबिज है। उक्त को क्रय के बाद प्रमाणीकरण भूलवश या अज्ञानता वश नहीं करा पाये हैं जिस कारण उक्त भूमि विक्रेता के वैध वारिसानों के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है जिस का कारण कृषि विकास कार्य बैंक से खाद, बीज, ऋण लेने एवं अन्य शासकीय कार्य में आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बताया गया है इसलिए उक्त भूमि को आवेदक द्वारा बैनामा के आधार पर विक्रेता का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर क्रेता के वैध वारिसानों के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किए जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त वाद भूमि के संबंध में दिनांक 20/11/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पक्ष समर्थन में कोई जवाब या कोई दस्तावेज पेश करना हो तो मेरे समक्ष स्वतः उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध दस्तावेज या जवाब पेश करने का अवसर समाप्त करते हुए एकपक्षीय कर आगे की कार्यवाही कर दी जायेगी।

आज दिनांक 08/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कसडोल

ईश्तहार
नाम :- योगेश्वरी डोंगरे
पिता का नाम :- प्रकाश डोंगरे
पता :- रायपुर, छत्तीसगढ़
ड्राइविंग लाइसेंस नंबर :
CG-07 20100069184

त्रुटि :- नाम में ''डोंगरे'' की जगह ''डोंगारे'' लिखा गया है।
सुधार :- नाम का सही विवरण ''योगेश्वरी डोंगरे '' है।

नोटिस :- यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह 15 दिनों के भीतर परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यालय में संपर्क करें।

ईश्तहार
नाम :- लेखराज डोंगरे
पिता का नाम :- प्रकाश डोंगरे
पता :- मकान नं. 362, वार्ड नं. 23 रायपुर, छत्तीसगढ़
ड्राइविंग लाइसेंस नंबर :
CG-07 20100030619

त्रुटि :- नाम में ''लेखराज'' की जगह ''लेखाराज'' लिखा गया है।
सुधार :- नाम का सही विवरण '' लेखराज डोंगरे '' है।

नोटिस :- यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह 15 दिनों के भीतर परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यालय में संपर्क करें।

ईश्तहार
नाम :- प्रकाश कुमार डोंगरे
पिता का नाम :- सी.बी. डोंगरे
पता :- रायपुर , छत्तीसगढ़
ड्राइविंग लाइसेंस नंबर :-
CG-07 20150019808
त्रुटि :- नाम एवं सरनेम के बीच में '' कुमार '' नहीं लिखा गया है।
सुधार - नाम का सही विवरण ''प्रकाश कुमार डोंगरे '' है।

नोटिस :- यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह 15 दिनों के भीतर परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यालय में संपर्क करें।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीरसावरकर नगर हीरापुर कालोनी रायपुर में निर्मित LIG-II भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक LIG-II/2345 श्रीमती दीपा टिलवानी पति श्री नंदकिशोर टिलवानी के भाड़ाक्रय/ पूर्ण मूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 25/08/2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 27/09/2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती हरजीत कौर पन्नू पति श्री निखैल सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार देवकर
जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री उजमत बेग पिता श्री ईसमाइल बेग वार्ड क्रमांक 14 नगर पंचायत देवकर थाना देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा के द्वारा नगर पंचायत देवकर में फुटकर फटाका विक्रय हेतु अस्थाई नया फटाका लायसेंस बनवाने निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र सीजफायर की रसीद, नगर पंचायत देवकर का अनापत्ति प्रमाण पत्र आधार कार्ड, अंकसूची तथा गोडाउन के रूप में राजीव गांधी आश्रय योजना 2019 अधिकार पत्र क्रमांक 057088 के अनुसार पट्टाधारी का नाम नाजमा बेगम पति युसुफ मोहम्मद की भूमि ग्राम देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा जिसकी सहमति पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जिसकी छायाप्रति संलग्न है। प्रकरण श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा जिला बेमेतरा के माध्यम से जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/समुदाय को कोई उजर दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 31/10/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उजर/दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 17/10/2025
नियत दिनांक - 31/10/2025

सील
तहसीलदार
देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
Email ID : nppakhanjore@gmail.com Phone No.- 07844-231036
क्रमांक/1188/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 पखांजूर, दिनांक 22.10.2025

// ई-प्रोक्योरमेंट आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 24.10.2025 समय 11:30 AM से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर नम्बर	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा संख्या
1	2	3	4	5	6	7
1	178095	ट्यूबवेल खनन कार्य (07 नग)।	12.04	9100.00	12-11-2025 TIME 5:30 P.M.	प्रथम

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्त, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट के पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

टीप :- अमानत राशि (मूल प्रति), शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों को बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पंचायत पखांजूर कार्यालय में निर्धारित समय से पूर्व प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पखांजूर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank
रायपुर मुख्य शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
1. श्रीमती शांति बाई कुर्रे (ऋणी) पति भगत राम कुर्रे, जे-27, कृष्णा नगर, रायपुर सहकारी समिति, डंगनिया, रायपुर - 492013 2. श्री भगत राम कुर्रे (सह- ऋणी) पुत्र [illegible] कुर्रे, जे-27 कृष्णा नगर, रायपुर सहकारी समिति, डंगनिया, रायपुर - 492013	[illegible]	HOUSING LOAN ₹ 2,50,000.00 16/10/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 2,73,510.36 एनपीए तिथि: 08/10/2025
1. श्री सूर्यकांत तिवारी (ऋणी) पुत्र शशि भूषण तिवारी, आई-34, अनुपम नगर, मस्जिद के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 एवं 125, रायपुर रोड, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड नं. 12, महासमुंद, छत्तीसगढ़ - 493445	[illegible]	HOUSING LOAN ₹ 23,25,000.00 16/10/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 21,09,891.80 एनपीए तिथि: 15/10/2025

[illegible]

दिनांक: 24.10.2024 स्थान: रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

आंखों से होते हुए दिमाग में घुसी घंटी डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाला

रायपुर/नवप्रदेश। खेल-खेल में 9 वर्षीय मासूम के आंख से होते हुए दिमाग में घंटी घुस गई, जिसके बाद गंभीर अवस्था में मरीज को

बिलासपुर से रायपुर के डीकेएस अस्पताल में रेफर किया गया, जहां मरीज का ऑपरेशन कर घंटी को बाहर निकाला गया। डीकेएस अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक मरीज अभी आईसीयू में है और उसका इलाज जारी है. डॉक्टरों के मुताबिक मासूम खेल रही थी और वे घंटी में गिर गई, जिसके बाद घंटी आंख में घुस गई। रायपुर के डीकेएस अस्पताल में ये ऑपरेशन डॉ राजीव साहू के नेतृत्व में किया गया. इसमें डॉ लवलेश राठौर, डॉ नमन, डॉ प्रांजल मिश्रा समेत अन्य डॉक्टरों की टीम मौजूद थीं. जानकारी के मुताबिक मरीज अभी आईसीयू में है, लेकिन खतरें से बाहर बताई जा रही है।

कार से हजारों का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। वीआईपी स्टेट शंकरनगर में खड़ी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर ने महंगे गिफ्ट एवं डीवीआर कैमरा पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौरीशंकर श्रीवास 45 वर्ष वीआईपी स्टेट शंकरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी कार क्रमांक सीजी 04 एनजेड 9997 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने कार के शीशा को तोड़कर महंगे गिफ्ट और डीवीआर कैमरा पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए वेणुगोपाल ने रायशुमारी

महंत, भूपेश, सिंहदेव, बैज दिल्ली से लौटे

रायपुर/नवप्रदेश। सृजन अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिला संगठनों में नए पदाधिकारी नियुक्त किए जाने को लेकर कांग्रेस हाईकमान ने स्थानीय पदाधिकारियों से मंथन कर लिया है। इसके पश्चात नए चेहरे सामने आएंगे। बैठक में भाग लेने के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी लौट गए हैं। इसके पश्चात टीएस सिंहदेव एवं दीपक बैज भी आज वापस आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सभी 41 संगठन जिलों के अध्यक्षों के चयन के लिए गुरुवार को नईदिल्ली में बैठक हुई। एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव से रायशुमारी की। सभी जिलाध्यक्षों के नाम को लेकर इन नेताओं से फीडबैक लिया गया। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बताया कि लगभग सभी नामों को लेकर स्थानीय नेताओं से चर्चा की गई। लेकिन किसके नाम पर मुहर लगेगी। यह कह पाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि इस महीने के अंत तक जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा होने की संभावना है। दरअसली इस बैठक में संगठन सृजन के तहत प्रदेश में भेजे गये सभी पर्यवेक्षक और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट भी मौजूद थे। कांग्रेस कार्यालय के अनुसार इस बैठक में भाग लेने के पश्चात सभी वरिष्ठ नेता दिल्ली से लौटने लगे हैं। ज्ञात रहे कांग्रेस परिवेक्षक ने सभी कार्यकताओं एवं नेताओं से विभिन्न स्तर की चर्चा की थी। इसके पश्चात कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपना-अपना मत हाईकमान के समक्ष रख दिया है।

कर्ज नहीं घरेलू कलह और नशे की लत बनी आत्महत्या की वजह

कोरबा/नवप्रदेश। ग्राम खम्हरिया निवासी राजकुमार पिता इतवार सिंह की मौत के संबंध में जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि आत्महत्या का कारण आर्थिक या कर्जजनित नहीं था। तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन और परिवारजनों के कथन में यह बात सामने आई है कि मृतक राजकुमार की मृत्यु घरेलू कलह और नशे की लत के कारण हुई है।

मृतक राजकुमार ने 21 अक्टूबर 2025 को कीटनाशक दवा का सेवन किया था, जिसके बाद उसे परिजन हरदीबाजार अस्पताल और फिर जिला अस्पताल कोरबा लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान रात लगभग 11.30 बजे उसकी मृत्यु हो गई।

17वें रोजगार मेले में 95 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे रोजगार सृजन अभियान ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक और उपलब्धि हासिल की। देशभर में 40 स्थानों पर एक साथ आयोजित 17वें रोजगार मेले के तहत रायपुर में 95 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। यह समारोह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के सभागार में आयोजित हुआ, जिसकी मेजबानी छत्तीसगढ़ डाक मंडल ने की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री (गृह एवं शहरी कार्य मंत्रालय) तोखन साहू ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के चयनित युवाओं को संबोधित कर शुभकामनाएं दीं।

रायपुर में उत्साहपूर्ण माहौल : रायपुर के इस रोजगार मेले में सात केंद्रीय विभागों–डाक विभाग, गृह मंत्रालय (सीआरपीएफ), रेल मंत्रालय, एम्स रायपुर, वित्तीय सेवा विभाग, भारतीय खाद्य निगम और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण–के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें 54 उम्मीदवार छत्तीसगढ़ के हैं, जबकि शेष अन्य राज्यों से। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के मुख्य डाकपाल सुवेंदु स्वैन और एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अशोक जिंदल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में चयनित युवाओं के चेहरों पर उत्साह और गर्व साफझलक रहा था।

केंद्रीय मंत्री का बयान : युवा शक्ति ही देश की ताकत

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि यह 17वां रोजगार मेला देशभर में एक साथ आयोजित हुआ, जिसमें 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के विकास मॉडल और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। साहू ने कहा, ÷रायपुर में इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए गर्व का क्षण है। ये युवा अपनी मेहनत से आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने और नए अवसर सृजित करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि केंद्र सरकार की नीतियां युवा शक्ति को देश की प्रगति का आधार बना रही हैं।

प्रधानमंत्री का संदेश : आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि यह रोजगार मेला देश के युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नई ऊर्जा दे रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के प्रयासों से अब तक 11 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने युवाओं से कहा, ÷आपके कंधों पर विकसित भारत का सपना साकार करने की जिम्मेदारी है। यह नियुक्ति पत्र न केवल नौकरी है, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अवसर है।÷ मोदी ने छत्तीसगढ़ के युवाओं की मेहनत और लगन की भी सराहना की।

युवाओं में जोश, सपनों को मिला पंख

नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं ने इस अवसर को अपने जीवन का टर्निंग पॉइंट बताया। रायपुर के एक चयनित उम्मीदवार रमेश साहू ने कहा, ÷यह मेरे लिए गर्व का पल है। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का आभार कि हमें इतना बड़ा अवसर मिला।÷ एक अन्य उम्मीदवार, रीना वर्मा ने बताया कि वह डाक विभाग में चयनित हुई हैं और अब अपने परिवार का सहारा बनेंगी। युवाओं ने इस पहल को सपनों को साकार करने वाला मंच बताया और सरकार के प्रति आभार जताया।

400 करोड़ की चना खरीदी नान ने जारी किया टेण्डर

भारत सरकार-राज्य सरकार के प्रतिष्ठित उपक्रमों से आमंत्रित की निविदा

- **प्रभावशाली नेता टेण्डर लेने के लिए हो रहे एकजुट**
- **स्वस्थ्य एवं पारदर्शिता पूर्ण टेण्डर प्रक्रिया अपनाई जाएगी : संजय श्रीवास्तव**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आदिवासी क्षेत्रों में चना वितरण को लेकर बुलाए गए ई-टेण्डर को लेकर एक बार फिर से कवायद शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने सभी भारत सरकार के- राज्य सरकार, सयुक्त उपकरमों तथा प्रशिक्षित फर्मों तथा प्रतिष्ठानों से 2025-26 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चना क्रय हेतु ई-ऑक्शन पुर्ननिविदा के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।

नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक के माध्यम से डिप्टी एजीएम (चना) द्वारा राज्य में आदिवासी जिले (माडा) में चना आपूर्ति की जाएगी। 55,890 मेट्रिक टन चना खरीदा जाएगा। इसकी शर्ते है एक किलो की पैकेजिंग होनी चाहिए। उसके पश्चात 50 किलों की पीपी बैग्स की आपूर्ति की जाएगी। इसको निर्धारित जिलों में गोदाम तथा वितरण केन्द्रों में पहुंचाया जाएगा। राज्य में चना आपूर्ति के टेण्डर के लिए यह दूसरी बार पुनः निविदा आमंत्रित की गई है। इसकी शर्तोंको लेकर काफी विवाद गहराता जा रहा है। पिछले कई वर्षा से दिल्ली की एक संयुक्त उपकरम तथा एक जिले के प्रभावशाली परिवार के द्वारा यह ठेका लिया जाता रहा है।

बोली लगाने वाले फर्मों, उपकरमों को दिया जाएगा पर्याप्त समय

वर्तमान में आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एक भाजपा समर्थित नेता है, उनका कहना है कि यह टेण्डर शीघ्र जारी कर दिया जाएगा। डिप्टी ए जीएम द्वारा जारी टेण्डर के अनुसार चना आपूर्तिकर्ता को 22 अक्टूबर को टेण्डर जारी किया गया है। इसके पश्चात 28 अक्टूबर को बोली लगाने वाले की पहली बैठक 12.10 बजे होगी। 31 अक्टूबर को पंजीयन की अंतिम तिथि है, इसमें भागीदारों से बातचीत की जाएगी। निविदा में भाग लेने वाले लोगों को अंतिम पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर का समय दिया गया है। 4 नवंबर को आपूर्तिकर्ता फर्म के द्वारा आवश्यक तकनीकी दस्तोवज जमा करना होगा। निविदाकर्ताओं के समक्ष 10 नवंबर को आश्यक दस्तावेज रखा जाएगा। इसके पश्चात बोलीकर्ताओं द्वारा निविदा के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की जाएगी। जिसका उद्देश्य स्वस्थ्य टेण्डर प्रक्रिया तहत ज्यादा बोली आएगी। जिसमें कम बोली लगाने वालों को टेण्डर दिया जाएगा। अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव का कहना है कि यह टेण्डर पूरी पारदर्शिता के पश्चात दिया जाएगा।

400 करोड़ की चना खरीदी होगी : श्रीवास्तव

राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि चना क्रय ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से चना की आपूर्ति 12 आदिवासी जिलों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आदिवासी जिलों में इसकी आपूर्ति होगी। उन्होंने बताया कि इसकी कीमत 400 करोड़ रूपए आकी गई है। अध्यक्ष के अनुसार प्रत्येक बोलीदारों से अलग-अलग चर्चा एमडी किरण कौशल करेंगी। प्रत्येक निविदाकार को ब्लाक 7ए दूसरी मंजिल मुख्यालय अटल नगर में आना होगा। इस संबंध में प्रबंध संचालक का निर्णय अंतिम होगा। अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के अनुसार टेण्डर की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी। डिप्टी एजीएम (चना) के अनुसार राज्य में चना खरीदी के लिए समस्त देस्तावेज राज्य सरकार के वेबसाईट में उपलब्ध है।

कब तक जिम्मेदार अधिकारी बने रहेंगे गुणवत्ताहीन निर्माण के संरक्षक?

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग (PWD) जो सड़कों और भवनों के निर्माण की प्रमुख एजेंसी है, उसका दायित्व है कि वह जनता को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराए। समय-समय पर विभाग द्वारा पैच रिपेयरिंग और मरम्मत कार्य किए जाते हैं ताकि आवागमन में किसी को असुविधा न हो। लेकिन भिनोदाडूगगोरी मार्ग की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यह मार्ग लम्बे समय से जर्जर अवस्था में था। क्षेत्रीय पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार शासन-प्रशासन तक इसकी खबर प्रकाशन और शिकायत पहुंचाई गई। इसके बाद पैच रिपेयरिंग का टेंडर जा री हुआ, लेकिन काम की गुणवत्ता देखकर सवाल उठना लाज़मी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से कार्य में भारी अनियमितता की जा रही है। नियमों के अनुसार सड़क निर्माण में Wet Mi& Macadam (WMM) का उपयोग होना चाहिए, जो मिश्रण संयंत्र (मिक्सचर प्लांट) से तैयार होकर आता है। इसमें विभिन्न आकार की गिट्टियों को पानी के साथ मिलाकर उचित नमी (optimum moisture) पर लाया जाता है, ताकि सड़क पर बिछाने के बाद वह अच्छी तरह कम्पैक्ट होकर मजबूत और समतल बने। लेकिन यहाँ क्रैशर से सीधे गिट्टी लाकर बिना उचित मिश्रण और नमी के सड़क पर डाल दी जा रही है। रोलर चलाकर इसे 'काम पूरा' दिखाया जा रहा है। न तो सड़क की मोटाई निर्धारित मानक के अनुसार है और न ही डेंसिटी (घनत्व) प्राप्त हो रही है। परिणामस्वरूप, सड़क की सतह असमान, ढीली और कमजोर दिखाई दे रही है।

छठ पूजा के लिए महादेवघाट में विशेष सफाई अभियान शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में छठ पर्व 25 अक्टूबर 2025 से लेकर 28 तक मनाया जाएगा। सूर्य उपासना के विशेष पर्व छठ पूजा के पूर्व राजधानी शहर के महादेवघाट को नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 स्वास्थ्य विभाग द्वारा महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर सूर्य उपासना हेतु स्वच्छता कायम करते हुए तैयार किया जा रहा है।.

छत्तीसगढ़ में युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

दुर्ग में 31 अक्टूबर को प्लेसमेंट कैंप, 470 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार का एक बड़ा अवसर सामने आया है। दुर्ग जिले में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, मालवीय नगर चौक में 31 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से 470 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जो बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है।31 अक्टूबर को होगा प्लेसमेंट कैंपइस कैंप में तीन निजी कंपनियां हिस्सा लेंगी। जय भोले फाइनेंशियल सर्विसेज, दुर्ग 20 पदों (बीमा सलाहकार), वन स्टाफिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड 39 पदों (शिक्षक, क्षेत्रीय सहयोगी, सामाजिक मीडिया संचालक, टेलीकॉलर, वीडियो संपादक और परामर्शदाता) और सेफ इंटेलिजेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड 411 पदों (सुरक्षा गार्ड, सुरक्षा पर्यवेक्षक, क्षेत्रीय अधिकारी, विपणन प्रबंधक और प्रशिक्षण अधिकारी) के लिए भर्ती करेगी। कुल 470 पदों पर चयन प्रक्रिया होगी, जिससे सैकड़ों युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है।7,000 से 20,000 तक वेतनइन पदों पर चयनित उम्मीदवारों को 7,000 से 20,000 रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा।

जरूरी दस्तावेज

प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे:शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अंकसूची पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड), रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्र, छत्तीसगढ़ निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

नई समितियों में पंजीकृत किसानों से होगी धान खरीदी

- **जिले में नई 26 सेवा सहकारी समिति अस्तित्व में**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में इस सत्र से 26 नई सेवा सहकारी समिति की गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई । इन नई समितियों में इसी सत्र से पंजीकृत किसानों की धान खरीदी प्रक्रिया शुरू होगी । नई समितियों के अस्तित्व में आने के बाद अब खैरागढ़ जिले मे समितियों की संख्या 39 से बढ़कर 65 हो गई है । जिले मे जिला सहकारी बैंक के अधिनस्त समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया छह माह पहले शुरू की गई थी । राजपत्र मे प्रकाशन , नई बनने वाले समितियों के लिए दावा आपत्ति सहित अन्य कार्यवाही पूरी किए जाने के बाद दीवाली पूर्व नई समितियों के गठन की प्रक्रिया पूरी की गई । जिला निर्माण के बाद जिले की 39 समितियों मे शामिल बड़े बड़े गांवों और इलाको को नई समिति बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही थी । प्रदेश सरकार ने इस मांग पर मुहर लगाकर किसानो को बड़ी राहत दी है । नई गठित होने वाली समितियों मे लगभग 171 गांव के किसान शामिल है ।

जिन्हे अब दूरस्थ स्थित समितियों मे धान लेकर जाने से राहत मिलेगी और पास की समितियों मे ही अपना धान समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकेगें ।

इन समितियों का होगा गठन

जिले मे नई बनी सेवा सहकारी समितियों में मानपूर नाका, ढाबा, सम्बलपुर, भुरभुसी, पथर्रा, कोर्राय, भूलाटोला, गातापार जंगल, चिचोला, बरबसपूर, कुकुरमुड़ा, साल्हेकला, सहसपूर, जामगांव, ठाकुरटोला, दामरी, भरतपूर, धनगांव, बघमर्रा, दिलीपपूर, कुम्ही, पांडूका, मदराकुही, देवारीभाठ, भोथली और महरूमकला समिति अस्तित्व मे आ गई है ।

> खैरागढ़ जिले मे 26 नई सेवा सहकारी समितियों के गठन से जिले के किसानो को इसका फायदा सीधे तौर पर मिलेगा । समय की बचत होगी और धान बिक्री मे आसानी होगी । सरकार ने मांग पूरा कर किसानो से किया वादा निभाया है ।
>
> **विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत खैरागढ़**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com